दैनिक

# अमन लेखनी

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471







त्योहारी उमंग के साथ खान पान का रखें ध्यान....

दिवाली सेलिब्रेशन में ना बरतें लापरवाही ....



वर्ष : 09 | अंक : 334 | लखनऊ, 10 नवम्बर, शुक्रवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

संसेक्स 64,948.66

निफटी 19,310.15

## ख़ास ख़बर

### मणिपुर: इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध 13 नवंबर तक बढ़ा

■ **इंफाल।** मणिपुर सरकार ने राज्य भर में मोबाइल इंटरनेट सेवा पर लगे प्रतिबंध को पांच दिन और बढ़ाकर 13 नवंबर तक कर दिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक हालांकि, यह प्रतिबंध उन चार पहाड़ी जिला मुख्यालयों में लागू नहीं किया जाएगा जो जातीय हिंसा से प्रभावित नहीं हैं। मोबाइल इंटरनेट सेवा पर लगा प्रतिबंध बढ़ाने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि ऐसी आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्व राज्य में लोगों को उकसाने के लिए तस्वीरों, नफरत भरे भाषणों और वीडियो संदेशों के प्रसारण के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का उपयोग कर सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में हिंसा भड़क सकती है और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की भी आशंका है।

### कांग्रेस 36 कौमों की पार्टी, सबको साथ लेकर चलती है: गहलोत

■ **जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस 36 कौमों की पार्टी है और सबको साथ लेकर चलती है। उन्होंने यह भी कहा कि



गत पांच साल में कांग्रेस सरकार ने राज्य का सर्वांगीण विकास किया है।वह बामनवास के बाटोदा में कांग्रेस गारंटी संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।गहलोत ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने पिछले पांच साल में राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया है तथा महंगाई राहत कैंप के जरिए 10 योजनाओं से हर परिवार एवं व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया है।

### गैर जमानती वारंट के बावजूद अदालत में पेश नहीं हुईं पूर्व सांसद जयाप्रदा

■ **रामपुर (उप्र)।** फिल्म अभिनेत्री और रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के एक मामले में गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद बुधवार को अदालत में पेश नहीं हुईं। अदालत ने उनके खिलाफ जारी वारंट को बरकरार रखते हुए अब 17 नवंबर को पेश होने के आदेश दिए हैं।अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि 2019 में जयाप्रदा के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का एक मामला दर्ज हुआ था और इस मामले में कई बार समन जारी होने के बावजूद वह रामपुर की एमपी-एमएलए अदालत में हाजिर नहीं हुई थीं। उन्होंने बताया कि उन्हें आठ अक्टूबर को अदालत में पेश होना था लेकिन इसमें विफल रहने पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

---


मप्र विस चुनाव

# देश की प्रगति को रिवर्स गियर में ले जाने में माहिर है कांग्रेस: मोदी

**मतदाताओं से मोदी ने आह्वान किया कि वे कांग्रेस को कम से कम 100 साल के लिए सत्ता से तरसा दें।**

**राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने पर बड़े-से-बड़े भ्रष्टाचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस को देश की प्रगति को रिवर्स गियर में ले जाने के लिए माहिर बताते हुए लोगों से उसे कम से कम 100 साल के लिए सत्ता से तरसाने का आह्वान किया। वह 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा शासित मध्य प्रदेश के छतरपुर में एक रैली में बोल रहे थे।लोगों को कांग्रेस के जाल में न फंसने की चेतावनी देते हुए उन्होंने ने कहा, जिस तरह रिवर्स गियर में गाड़ी हमें पीछे ले जाती है, उसी तरह कांग्रेस भी रिवर्स गियर में माहिर है और अच्छे शासन को बुरे शासन में बदलने में माहिर है।

मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस मध्य प्रदेश में सत्ता में थी, तब उसने लगभग 100 वर्ष पहले जल स्रोतों की समृद्ध विरासत वाले बुन्देलखण्ड की जल समस्याओं का हल करने के लिए कुछ नहीं किया और वहां के लोग लंबे समय तक पानी की एक बूंद के लिए भी तरसते रहे। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि वे भी कांग्रेस को कम से कम 100 साल के लिए सत्ता से तरसा दें तब इनका दिमाग ठिकाने आएगा।

मोदी ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से भरी कांग्रेस को न तो देश का विकास समझ आया और न ही देश की विरासत से उसका कोई लेना-देना है।उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि कोरोना वायरस काल में गरीबों के बच्चों को भूखा नहीं सोना पड़ा, लेकिन इसका श्रेय मोदी को नहीं, बल्कि आप सभी को जाता है, क्योंकि ए आपके वोट की ताकत थी जिसके कारण मोदी गरीबों को खाना खिला सका। छतरपुर जिले के खजुराहो में हुई जी-20 बैठकों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार होती तो उसके लिए पूरा देश दिल्ली से शुरू होता और दिल्ली में खत्म होता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, दिल्ली में योजनाओं की घोषणा होती थी। बड़े-बड़े विदेशी नेता दिल्ली आते थे। दिल्ली में बड़े-बड़े कार्यक्रम होते थे....कांग्रेस नेता जब भी अपने विदेशी दोस्तों को दिल्ली से बाहर ले जाते थे तो उन्हें भारत की गरीबी दिखाते थे। चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए कांग्रेस नेताओं के लिए गरीब पर्यटन का विषय बन गए थे।

उन्होंने कहा,"मोदी झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले भाई-बहनों को पक्का मकान दे रहा है, जबकि कांग्रेस नेता उनके साथ फोटो खिंचवाकर लौट आते हैं। मोदी एक गरीब परिवार के बेटा है। उन कुपोषित बच्चों की देखभाल कर रहा है जिनके साथ ए सजे-धजे कांग्रेसी फोटो खिंचवाते थे। मोदी उन गरीबों को मुफ्त राशन मुहैया करा है जिनके साथ बैठकर वे फोटो और वीडियो सेशन के लिए खाना खाते थे और दिल्ली लौटने के बाद उन्हें भूल जाते थे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण रोकने के लिए भगवान राम को काल्पनिक चरित्र बताया।

उन्होंने कहा , कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने का भी विरोध किया था। उसने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का भी विरोध किया था।



### कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की नीति ने राजस्थान के गौरव को खतरे में डाला: मोदी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उसकी तुष्टिकरण की नीति ने राज्य के गौरव को खतरे में डाल दिया है।राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर बड़े से बड़े भ्रष्टाचारी के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। वह (बलिचा) उदयपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार में राजस्थान के लोगों के साथ मानवता को शर्मसार करने वाली वारदातें हो रही हैं। उदयपुर में कन्हैयालाल जी के साथ आतंकी घटना कांग्रेस सरकार पर बहुत बड़ा दाग है।

ऐसी जघन्य वारदात उदयपुर में इसलिए हुई क्योंकि यहां आतंकियों के साथ सहानुभूति रखने वाली कांग्रेस की सरकार है।

### कांग्रेस ने महिला आरक्षण विधेयक को लंबे समय तक दबाए रखा

मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लिए स्वार्थ सर्वोपरि है, भले ही उसके लिए देश को भुगतान करना पड़े। उन्होंने कांग्रेस पर महिला आरक्षण विधेयक को लंबे समय तक दबाए रखने, ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं देने और तीन तलाक निषेध कानून का विरोध करने का आरोप भी लगाया ।प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकारों ने कल्याणकारी योजनाओं में तब तक देरी की या उन्हें बंद कर दिया जब तक कि पार्टी नेताओं के खजाने नहीं भर गए ।उन्होंने कहा, "ऐसी कई परियोजनाएं हैं जिन्हें अब भाजपा सरकार पूरा कर रही है। कांग्रेस को किसानों के खेतों की नहीं बल्कि अपनी वोट की फसल की चिंता है"।मोदी ने विपक्षी दल पर मुफ्त बिजली जैसी बड़ी चुनावी घोषणाएं करके मीठा जहर देने का भी आरोप लगाया ।उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सूरज और चाँद लाने का वादा करती है तो आपको समझ जाना चाहिए कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब भी बड़े-बड़े वादे करती है तो मान लीजिए कि वह मीठा जहर देने की तैयारी में है, ऐसा कई राज्यों में हुआ है।

मोदी ने कहा, एक राज्य में, कांग्रेस ने मुफ्त बिजली का वादा किया था और लोगों ने कांग्रेस पर भरोसा किया, लेकिन जैसे ही सरकार बनी, उसने बिजली की कीमतें बढ़ाना शुरू कर दिया।

---

# जनता केसीआर के कुशासन से ऊब चुकी है: अनुराग ठाकुर

अमन लेखनी समाचार/ हैदराबाद



तेलंगाना में जनता केसीआर के कुशासन व भ्रष्टाचार से ऊब चुकी है, और यह भ्रष्टाचारी सरकार हटा कर प्रदेश में कमल खिलाने का पूरा मन बना चुकी है। उक्त उद्गार भाजपा नेता एवं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को तेलंगाना में एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस और बीआरएस पर निशाना साधते हुए व्यक्त किए। ठाकुर ने कहा कि केसीआर और केटीआर का भ्रष्टाचार अपनी पार्टी का नाम बदल लेने से नहीं छिपेगा। इन्होंने कालेश्वरम बांध प्रोजेक्ट में हजारों करोड़ रुपये का गबन किया है। राज्य के पब्लिक सर्विस कमीशन को परिवार सर्विस कमीशन बनाकर राज्य के तीन लाख युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। तेलंगाना में आज भ्रष्टाचार करने के लिए हर काम में कमीशन फिक्स है। इस बार भ्रष्ट केसीआर की तेलंगाना से विदाई तय है।

अनुराग ठाकुर तेलंगाना के मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी चल्लमा कृष्णा रेड्डी के पर्चा दाखिले के बाद रोड शो और जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोग एक ईमानदार और विकास वाली सरकार चाहते हैं, जो केवल भाजपा दे सकती है। कांग्रेस की सरकारें जिन राज्यों में बनी वे झूठी गारंटियां देकर बनीं और वे गारंटियां फेल हो गई हैं, झूठी कांग्रेस झूठी गारंटियां। केसीआर ने राज्य के पांच लाख करोड़ डूबा दिए हैं। प्रदेश की जनता इनसे मुक्ति चाहती है और विकल्प के रूप में भाजपा को चाहती है।अनुराग ठाकुर ने कहा, इस सरकार ने अपने किए एक भी वादे को पूरा नहीं किया है।

### सरकारी डॉक्टर को चुनाव लड़ने की अनुमति दी, हारा तो ड्यूटी पर लौट सकेगा

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने एक सरकारी चिकित्सक को 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ने और हारने पर फिर से ड्यूटी पर लौटने की अनुमति दे दी है। चिकित्सक दीपक घोघरा (43) भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के टिकट पर डूंगरपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वह बीटीपी के प्रदेश अध्यक्ष वेलाराम घोघरा के बेटे हैं।उच्च न्यायालय की जोधपुर पीठ के न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने 20 अक्टूबर को एक आदेश में कहा,"... प्रतिवादी को आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाग लेने के उद्देश्य से याचिकाकर्ता को चिकित्सा अधिकारी के पद से मुक्त करने का निर्देश दिया जा सकता है और वह याचिकाकर्ता को राज्य विधानसभा चुनाव 2023 चुनाव लड़नेभाग लेने की अनुमति दें। आदेश में आगे कहा गया है"...प्रतिवादी को कृपया यह निर्देश दिया जाए कि यदि याचिकाकर्ता चुनाव हार जाता है, तो याचिकाकर्ता को तदनुसार चिकित्सा अधिकारी के पद पर वापस काम संभालने की अनुमति दी जाए।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री आस्टिन टू प्लस टू वार्ता के लिए भारत पहुंचे



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचे और हवाई अड्डे पर उनके भारतीय समकक्ष राजनाथ सिंह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

ऑस्टिन शुक्रवार को भारत-अमेरिका टू प्लस टू विदेश और रक्षा मंत्रियों के स्तर की वार्ता में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा पर हैं।

वार्ता में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। भारतीय पक्ष का नेतृत्व सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट में लिखा, पालम, नई दिल्ली में अपने मित्र और रक्षा मंत्री ऑस्टिन का स्वागत करके प्रसन्नता हुई। टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता और कल होने वाली द्विपक्षीय बैठक के दौरान सार्थक विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। ऑस्टिन को हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। सिंह और जयशंकर का टू प्लस टू संवाद के इतर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें करने का भी कार्यक्रम है, जिसमें तेजी से विस्तारित होते भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों की व्यापक समीक्षा किए जाने की उम्मीद है।

---

# दिल्ली-एनसीआर में स्मॉग टावर लगाना वायु प्रदूषण की समस्या का समाधान नहीं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को कहा कि स्मॉग टावर दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या का समाधान नहीं है और केंद्र इन विशाल वायुशोधक को स्थापित करने के पक्ष में नहीं है। सूत्रों ने कहा कि वायु प्रदूषण से निपटने में स्मॉग टावर की प्रभावशीलता पर बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, संबंधित राज्यों और मंत्रालयों के अधिकारियों की एक आपातकालीन बैठक में चर्चा की गई। सूत्रों ने कहा कि धान की कटाई के मौसम के दौरान पंजाब में पराली जलाना दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के लिए प्रमुख कारण है। एक सूत्र ने कहा, स्मॉग टावर दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या का समाधान नहीं हैं। केंद्र सरकार भविष्य में ऐसे और वायुशोधक लगाने के पक्ष में नहीं है। 2021 में, उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बाद दिल्ली में दो स्मॉग टावर स्थापित किए गए - एक दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के तहत कनॉट प्लेस में और दूसरा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तहत आनंद विहार में लगाया गया।दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दावा किया था कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अश्विनी कुमार के एकतरफा निर्देशों के कारण कनॉट प्लेस में स्मॉग टावर को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया था। मंगलवार को उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि कनॉट प्लेस स्थित स्मॉग टावर को शुरू किया जाए।




---

**अभियान चलेगा** गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा

# अवैध रूप से रह रहे लोगों के प्रति बिल्कुल नरमी नहीं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार अवैध रूप से रह रहे लोगों के प्रति बिल्कुल नरमी नहीं बरतने की अपनी नीति को जारी रखेगी और भारत को इस खतरे से सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि सुरक्षित भारत की प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना के अंतर्गत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पांच अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

उन्होंने कहा कि यह अभियान दस राज्यों में एक साथ चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया।



शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एनआईए की टीम को बधाई। मोदी सरकार अवैध रूप से रह रहे लोगों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरतने की अपनी नीति को जारी रखेगी और केंद्र सरकार इस खतरे से राष्ट्र की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि एजेंसी ने बुधवार को देशभर में छापेमारी कर मानव तस्करी में शामिल पांच गिरोह का भंडाफोड़ कर 44 लोगों को गिरफ्तार किया।

प्रवक्ता ने बताया कि भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते घुसपैठ में शामिल और अवैध रूप से लोगों को बसाने में मदद करने वाले मानव तस्करों के नेटवर्क को नष्ट करने के लिए आठ राज्यों एवं दो केंद्र शासित प्रदेशों में 55 ठिकानों पर सीमा सुरक्षा बल व राज्य पुलिस बल के सहयोग के साथ छापेमारी की गई।

उन्होंने बताया कि त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व पुडुचेरी में छापेमारी की गई।अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए त्रिपुरा से 21, कर्नाटक से 10, असम से पांच. पश्चिम बंगाल से तीन, तमिलनाडु से दो और पुडुचेरी, तेलंगाना और हरियाणा से एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

---

## जेके में सर्दी से पहले आतंकवादियों को घुसपैठ कराने की कोशिश : बीएसएफ

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली


सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में सर्दियों की शुरुआत और भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद होने से पहले सीमा पार से और अधिक आतंकवादियों को घुसपैठ कराने की कोशिशें हमेशा होती रहती हैं, लेकिन सुरक्षाबल सतर्क हैं और घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। बीएसएफ महानिदेशक ने यहां श्रीनगर के बाहरी इलाके हुमहामा में सहायक प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) कश्मीर में बीएसएफ के 599 रंगरूटों की पासिंग आउट परेड में भाग लिया और उसका निरीक्षण किया। नितिन अग्रवाल ने कहा कि ए प्रयास हर साल होते हैं क्योंकि पाकिस्तान बर्फबारी से पहले अधिकतम संख्या में आतंकवादियों को घुसपैठ कराने की कोशिश करता है।

बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, हर साल सर्दी शुरू होने, बर्फबारी होने और रास्ते बंद होने से पहले उन्हें (आतंकवादियों को) खदेड़ने की कोशिश की जाती है। लेकिन, हम सतर्क हैं।

## आचार समिति ने मोइत्रा के निष्कासन की अनुशंसा की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली

लोकसभा की आचार समिति ने रिश्वत लेकर प्रश्न पूछने संबंधी आरोपों के मामले में बृहस्पतिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को संसद के निचले सदन से निष्कासित करने की सिफारिश की। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। लोकसभा सचिवालय के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के मुताबिक, संभवतः यह पहली बार है कि लोकसभा की आचार समिति ने किसी सांसद के निष्कासन की अनुशंसा की है। भारतीय जनता पार्टी के



सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने आज बैठक की जिसमें समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया गया। बैठक के बाद सोनकर ने संवाददाताओं से कहा कि समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट को स्वीकार करने का समर्थन किया और चार ने इसका विरोध किया। विरोध करने वाले विपक्षी सांसदों ने समिति की अनुशंसा को पूर्वाग्रह से युक्त और गलत बताया।

सूत्रों के मुताबिक, माना जा रहा है कि कांग्रेस सांसद परनीत कौर ने रिपोर्ट के समर्थन में वोट दिया है। वह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं। अमरिंदर सिंह अब कांग्रेस छोड़ चुके हैं।

सूत्रों ने बताया कि आचार समिति मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश की है। लोकसभा के पूर्व महासचिव पी डी टी आचारी ने कहा कि यह शायद पहली बार है जब लोकसभा आचार समिति ने किसी सांसद को निष्कासित करने की सिफारिश की है।

वर्ष 2005 में रिश्वत लेकर सवाल पूछने के एक अन्य मामले में 11 सांसदों को संसद से निष्कासित कर दिया गया था, लेकिन उनके निष्कासन की सिफारिश राज्यसभा की आचार समिति और लोकसभा जांच समिति द्वारा की गई थी। आचारी ने कहा कि लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजी जाएगी।

## सदिग्धं परिस्थितियों में छात्रा लापता



लखनऊ।निगोहां के रामपुरगढ़ी जमुनी निवासी राममुनीस ने बताया कि उनकी बेटी काजल (18वर्ष) शिवराम डिग्री कॉलेज, निगोहां में बीए प्रथम वर्ष में पढती है, बुधवार सुबह बेटी घर से कालेज गयी थी दोपहर को छुट्टी होने पर कालेज से घर के लिये निकली थी लेकिन देर शाम तक घर नही पहुंची।काफी खोजबीन के बाद भी लापता बेटी का कुछ भी पता नही चल सका है।जिसके बाद पिता ने गुरुवार को निगोहां थाने पहुंचकर पुलिस से पूरे मामले की लिखित शिकायत कर लापता बेटी को तलाशने की गुहार लगायी।इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया पीड़ित पिता के द्वारा दी गयी तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता छात्रा की तलाश शुरू कर दी गयी है।

# किसान यूनियन एवं प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर को दिया ज्ञापन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) व प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को पुलिस कमिश्नर ए बी शिरोडकर से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसान यूनियन और प्रधान संघ ने हैरानी चौकी के इंचार्ज रहे दरोगा राहुल त्रिपाठी के रिश्वत मामले में पकड़े जाने के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की।दोनो संगठनों ने एंटी करप्शन टीम पर द्वेष पूर्ण एक तरफा कार्यवाही का आरोप लगाते हुए दरोगा राहुल त्रिपाठी को पूरी तरह से निर्दोष व एक ईमानदार पुलिस ऑफिसर बताया।

प्रधान संघ के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा व भारतीय किसान यूनियन (भानू) प्रति निधि मण्डल के उच्च पदाधिकारियों ने गुरुवार को लखनऊ के पुलिस कमिश्नर ए बी शिरोडकर से उनके कार्यालय पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने के बाद बताया कि प्रतिनिधि मंडल द्वारा पुलिस कमिश्नर को पूरी स्थिति से अवगत करा दिया गया है कि किस प्रकार से एक सुनियोजित साजिश कर एक ईमानदार और कर्मठ पुलिस अधिकारी को सार्वजनिक रूप से अपमानित कर फर्जी मामले में फंसा कर जेल भेजा गया है ये सरासर अन्याय है। दरोगा राहुल त्रिपाठी के हरौनी चौकी की जिम्मेदारी संभाले जाने के बाद से वे लगातार अपराधियों व अवैध कारोबारियों के खिलाफ अभियान चला कर सख्त कार्यवाही कर रहे थे। शायद यह क्षेत्र के कुछ सफेद पोशों को पसंद नही आया और उन्होंने अपने रसूख का इस्तेमाल कर एक युवा और ईमानदार छवि के दरोगा को साजिश रच कर जेल पहुंचा दिया। दोनो संगठनों के नेताओ ने पुलिस कमिश्नर से अपने स्तर से इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाने और दोषियों के खिलाफ चाहे वे कितने भी रसूखदार क्यों ना हों उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की।दोनो संगठनों ने पुलिस कमिश्नर से साफ किया चूंकि शहर में धारा 144 लागू है नही तो इस मामले को लेकर एक आंदोलन होता। पुलिस कमिश्नर से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में युवा जिला अध्यक्ष समर सेन शेरा, जिला प्रवक्ता अनिल वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नीरज कुमार रावत, तहसील महासचिव मो इरफान, जिला महासचिव विधि प्रकोष्ठ सचिन जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ सुरेन्द्र सिंह, जिला अध्यक्ष महिला विधि प्रकोष लक्ष्मी दीक्षित, प्रधान संघ अध्यक्ष ग्राम प्रधान साहिजनपुर सरवन, ग्राम प्रधान हरौनी सीमा देवी, ग्राम प्रधान तेरवा राकेश, ग्राम प्रधान न्रायनपुर मनोहर लाल, ग्राम प्रधान भटगवा पांडेय उमेश गुप्ता, ग्राम प्रधान पुराही मुरलीधर दीक्षित, पूर्व प्रधान प्रत्याशी ग्राम रहीम नगर पड़ियांना नीरज कुमार रावत मुख्य रूप से शामिल रहे।

# पति के विदेश में होने का फायदा उठा रिश्तेदार ने महिला का किया शारीरिक शोषण, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज, एक गांव निवासी महिला ने बताया उसने लव मैरिज की थी, जिसके बाद पति समेत गोरखपुर में रहने लगी थी, वहा से पति सऊदी अरब में नौकरी करने चले गये, जिसके चलते वो अपने बच्चो के साथ घर में अकेली रहती थी, इस दौरान दूर के रिश्तेदार अरमान निवासी सुनारी मोहल्ला थाना नौतनवा, महाराजगंज, ढाई साल पहले उसके अकेले होने का फायदा उठाकर एक दिन घर आये तो उसने नाश्ता पानी कराया, जिसके बाद अरमान ने उसे मिठाई व कोलड्रिंक दी, जिसे उसने व बच्चो ने खाया तो कुछ देर बाद चक्कर आने के बेहोश हो गयी, जिसके बाद अरमान ने उसके कपड़े उतारकर रेप किया ओर वीडियों भी बना लिया, जब होश आया तो तन पर कपड़े नही थी, जिस पर अरमान ने मुंह खोलने पर वीडियों वायरल कर जान से मारने की धमकी देते हुये आये दिन घर आकर उसका यौन शोषण करने लगा ओर मुंह खोलने पर पति व बच्चो को जान से मारने की धमकी भी दी।डर के कारण पति को भी कुछ नही बताया ओर गोरखपुर छोड़कर चुपचाप लखनऊ आकर रहने लगी, जहां भी आरोपी अरमान आ धमका ओर डरा-धमकाकर उसका शारिरिक शोषण करता रहा।पति अरब से घर खर्च के लिये जो भी पैसे भेजते थे आरोपी जबरदस्ती ले लेता था, बहुत मुश्किल से बच्चो के स्कूल की फीस जमा करता था? ।यही नही मेरे इसने सोने-चांदी के जेवरात भी छीन लिये थे, इस दौरान कई बार गर्भवती होने पर दवा खिलाकर उसका गर्भ भी गिरवा दिया।आरोपी के शोषण का शिकार पीड़िता के सब्र का बांध टूटा तो गुरुवार को हिम्मत जुटाकर मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचकर इंस्पेक्टर से पूरे मामले की लिखित शिकायत कर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की मांग की।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी अरमान के विरूद्व रेप समेत अन्य गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

# एसटीएफ की टीम ने नकली नोट की तस्करी करने वाली दो तस्करों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। यूपी एसटीएफ की टीम ने नकली व जाली नोट की तस्करी करने वाली दो तस्करों को मुखबिर की सूचना पर बुधवार देर शाम सरोजनीनगर इलाके से धर दबोचा। जबकि इस मामले में शामिल उनका एक साथी अभी फरार है। एसटीएफ ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ मुख्यालय के निरीक्षक राघवेंद्र सिंह के मुताबिक बीते कई दिनों से एसटीएफ मुख्यालय को भारतीय जाली मुद्रा की संगठित तौर पर तस्करी करने वाले गिरोह के बारे में सूचनाएं मिल रही थी। इन्हीं सूचनाओं के तहत एसटीएफ उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही द्वारा एक टीम गठित करने के बाद यह टीम ऐसे गिरोह के संबंध में जानकारी कर रही थी। तभी बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि भारतीय जाली मुद्रा की तस्करी करने वाला रायबरेली जिले के खीरों थानान्तर्गत रौला निवासी अनुराग सिंह आज अपने गिरोह के सदस्यों के साथ बड़ी मात्रा में जाली नोट लेकर सरोजनीनगर में स्कूटर इंडिया चौराहे के पास किसी को जाली नोटों की सप्लाई देने आ रहा है। इस सूचना पर निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ स्कूटर इंडिया चौराहे पर पहुंच गए। जहां देर शाम खड़े होकर इंतजार कर रहे थे, तभी एक सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति उन्नाव की तरफ से आते हुए दिखाई पड़े। मुखबिर ने बताया कि यही वह लोग हैं। यह जानकारी मिलते ही एसटीएफ टीम ने दोनों को घेर कर पकड़ने की कोशिश की, तो वह बाइक सहित भागने की कोशिश करने लगे। लेकिन एसटीएफ ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। उनके पास तलाशी ली गई तो 100 - 100 रुपए की नोटों के तीन बंडलों में कुल 496100 रुपए की नकली व जाली नोट बरामद हुई। एसटीएफ की पूछताछ में एक ने अपना नाम रायबरेली के खीरों थानान्तर्गत रौला गांव निवासी अनुराग सिंह बताया, जबकि दूसरे ने बंथरा के औरावां निवासी आयुष बाजपेई बताया। एसटीएफ टीम ने कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि यह नोट जाली और फर्जी हैं। जिन्हें वह अमेठी जिले के फुरसतगंज स्थित पडरई मकदूमपुर निवासी रामकृपाल के यहां से लाए हैं। उन्होंने बताया कि रामकृपाल के घर पर स्केनर, लैपटॉप और प्रिंटर की मदद से यह नोट बनाए गए हैं। इन नोटों को वह रामकृपाल के बताए हुए आदमी को सप्लाई करने स्कूटर इंडिया के पास आए थे। पूछताछ में अनुराग सिंह ने बताया कि वह रामकृपाल के साथ नकली नोट के मामले में एक बार रायबरेली से जेल भी जा चुका है। दोनों ने बताया कि वह रामकृपाल के साथ मिलकर भारतीय जाली मुद्रा का निर्माण कर इन्हें असली भारतीय मुद्रा के रूप में इस्तेमाल करने के लिए तस्करी का कार्य संगठित रूप से करते हैं। पूछताछ के बाद एसटीएफ के निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने दोनों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा कर उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दोनों को जेल भेज दिया है।

# यू पी डायल 112 महिला कर्मियों के धरने को रालोद का समर्थन

**रालोद प्रवक्ता अनिल दुबे पहुंचे धरने में, कहा प्रदेश सरकार महिलाओं के प्रति संवेदन शून्य**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने आज वेतन बढ़ोतरी सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर इको गार्डन में चल रहे यू पी डायल 112 महिला कर्मियों के धरने में पहुंचकर उनकी मांगों का समर्थन किया। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के निर्देश पर धरने पर पहुंचे श्री दुबे ने महिला कर्मियों की मांगो का समर्थन करते हुए धरना दिया। धरने पर बैठी महिला कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डायल 112 महिला कर्मचारियों के धरने को कुचलने के लिए सरकार ने महिला कर्मियों पर दो-दो केस दर्ज करा कर सरकार ने संवेदन शून्यता की सारी सीमा रेखा पार कर दी।

उन्होंने कहा कि पुलिस तंत्र को मजबूत करने के लिए कार्यरत महिला कर्मचारियों को नौकरी से निकलने का सरकार खड्यंत्र कर रही है जो की बहुत ही निंदनीय और असहनीय है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में महिला कर्मचारी इको गार्डन में धरने पर बैठी हैं और सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने भाजपा के महिला हितैषी होने को दिखावा बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार नौजवानों और महिलाओं को रोजगार मांगने पर पुलिस से पिटवाकर अपमानित करने का काम कर रही है।

डायल 112 की सेवा का भी रेलवे व एयरपोर्ट की तरह निजीकरण कर दिया गया जो कि गलत है इको गार्डन में धरना दे रही महिला कर्मियों को भरोसा दिलाते हुए श्री दुबे ने कहा कि उनकी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय लोकदल और राष्ट्रीय लोक दल का नेतृत्व सदैव उनके साथ खड़ा है और उनकी पांच सूत्रीय मांगे जिनमें वेतन बढ़ोतरी, आकस्मिक अवकाश, साप्ताहिक अवकाश, मातृत्व अवकाश, स्थाई नौकरी, व महिला कर्मियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग अगर सरकार ने नहीं मानी तो महिला कर्मचारियों का मुद्दा देश की राज्यसभा में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह उठायेंगे।

# सन्त फ्रांसिस इंटर कालेंज में बाल मेले का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।निगोहां कस्बे में स्थित सन्त फ्रांसिस इंटर कॉलेज में गुरूवार को बाल मेले का आयोजन किया गया।बाल मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रधान अभयकांत दीक्षित ने फीता काटकर किया।जिसके बाद मुख्य अतिथि ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।मुख्य अतिथि अभय कान्त दीक्षित ने अपने सम्बोधन में छात्रो को बाल मेले के आयोजन की शुभकामनाएँ देते हुये कहा मैंने भी अपनी प्रारम्भिक शिक्षा इसी स्कूल से प्राप्त की है मुझे प्रसन्नता है कि आज मुझे आप सभी के बीच अतिथि के रूप में बुलाया गया। प्रधान अभय दीक्षित ने पहला टोकन लेकर बच्चो द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया।मेले में छात्रों के लिए कई प्रकार के झूले, तरह-तरह के इनामी खेल, मिठाईयों समेत अन्य व्यजंनो के स्टाल लगाये गये थे।अभिभावको ने भी मेले में पहुंचकर टोकन लेकर बच्चो के स्टाल पहुंचकर उनके द्वारा बनाये गये व्यजंनो का लुफ्त उठाकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य विजय करष्टा, पत्रकार प्रशान्त त्रिवेदी, अभिभावक प्रतिनिधि उदय राज समेत छात्र-छात्राये व शिक्षको समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# श्री रुद्र महायज्ञ व कथा के समापन पर हुआ भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** बृहस्पतिवार को श्री शिवधाम मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत महापुराण कथा एवं रासलीला के समापन पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। माल क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद (बजरंग दल) के तत्वाधान में नबीपनाह भट्ठा चौराहे पर स्थित श्री शिवधाम मंदिर में श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत महापुराण कथा एवं रासलीला सात दिनों तक चलती रही। कथा के साथ रासलीला का भी मंचन किया गया। सुरेशानन्द महाराज ने कथा का रसपान कराया भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यध्यक्ष भूपेंद्र हिंदू, बाबा त्रिभुवन नाथ, सुनील कश्यप, जिला सुरक्षा प्रमुख श्रवण कुमार राजवंशी, जिला संयोजक सुशील कुमार, जिला सह संयोजक अभिमन्यु, विनोद कुमार, रामनरेश, जिला विद्यार्थी प्रमुख राजकुमार, मलिहाबाद प्रखंड अध्यक्ष सुनील शर्मा, प्रखंड सह संयोजक विशाल, माल प्रखंड दुर्गा वाहिनी संयोजिका रुचि पाल, मात्र शक्ति संयोजिका विद्यावती, करन, आलोक, अखिलेश, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# स्मार्ट मोबाइल फोन पाकर खिले बालिकाओं के चेहरे

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ** ।कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज आलमबाग लखनऊ में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो सारिका दुबे के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार की 'स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना' के अंतर्गत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक अयोजन किया गया।

स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजना के लिए अतिथि के रूप में उमेश द्विवेदी सदस्य, विधान परिषद, लखनऊ, तथा पवन सिंह चौहान, सदस्य, विधान परिषद, सीतापुर के कर कमलों से किया गया। प्राचार्या ने अपने अभिभाषण में छात्राओं को संबोधित करते हुए युवाओं को डिजिटल रूप से साक्षर और सशक्त करने को लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही 'स्वामी विवेकानन्द युवा शक्तिकरण योजना' के महत्व और उद्देश्य को रेखांकित किया।बालिकाओं को अपने जीवन, भविष्य तथा कैरियर को संवारने के लिए स्मार्टफोन के सदुपयोग तथा गैजेट्स के दुरूपयोग के प्रति छात्राओं को जागरुक किया।

कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ सलोनी ने कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए कार्यक्रम संपन्न किया।



अतिथि के रूप में उपस्थित रीना त्रिपाठी ने महाविद्यालय की संरचना तथा कार्य पद्धति पर चर्चा करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या की विशिष्ट कार्यशैली तथा महाविद्यालय के उन्नयन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। बालिकाओं को लखनऊ में महिला सशक्तिकरण हेतु होने वाली मैराथन दौड़ की जानकारी प्रदान की। अतिथि मा. उमेश द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के स्मार्ट बच्चों को स्मार्टफोन मिलने की शुभकामनाएं दी।स्मार्टफोन के फायदे और नुकसान दोनों पर बात करते हुए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के नकरात्मक प्रभाव के प्रति छात्राओं को सचेत भी किया।उन्होनें सरकार के द्वारा लड़कियों की उड़ान के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले असीम अवसरों पर चर्चा करते हुए उन्हें नित नए मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अतिथि पवन सिह चौहान ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से छात्राओं से केवल अपनी बातें न कहकर दोतरफा संवाद किया उन्होंने 'पराधीन सपनेहुं सुख नाही' की सूक्ति के द्वारा लड़कियों को निरन्तर अपनी मेहनत के द्वारा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं को न केवल रोजगारपरक बनने बल्कि रोजगार का आश्वासन भी दिया।कार्यक्रम के अतिथियों और प्रचार्या के द्वारा बी ए तृतीय वर्ष की छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। फोन पाकर छात्राओं के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे।कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ दीपशिखा पाल ने किया।

# आरडीएसजे कॉलेज में दीक्षांत समारोह आयोजित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। क्षेत्र में सर्वांगीण शैक्षणिक विकास का जीवंत पर्याय बन चुके आरडीएसजे ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र परिसर पर दीक्षांत समारोह आयोजित कर उत्तीर्ण छात्रों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना प्रबंधन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा की गई।

मंगलवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व सदस्य हरनारायन सिंह द्वारा समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

### प्रगति रिपोर्ट पर हुई चर्चा

तत्पश्चात निदेशक आलोक सिंह द्वारा प्रशिक्षण अवधि 2021-23 की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर संपादित कार्यों का लेखा जोखा और अपनाई गई प्रविधियों और उपलब्धियों पर संक्षिप्त और सारगर्भित चर्चा की गई।

### समझाया तकनीकी का महत्व

आज संदर्भ में तकनीकी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हरनारायन सिंह ने कहा कि आज के दौर में तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवकों की देश विदेश में व्यापक मांग है।अब देश के आर्थिक विकास में तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवा वर्ग की विशेष भूमिका है। सरकारी अर्ध सरकारी निजी और कारपोरेट सेक्टर में व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवा वर्ग ही



नेतृत्व कर रहा है तभी पूरी दुनिया भारत के तकनीकी कौशल का लोहा मान रही है।

विकास के पर्याय है तकनीकी दक्ष युवा ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ मालती सिंह का शुभ कामना संदेश पढ़कर सुनने के पश्चात संरक्षक चंद्रमणि सिंह ने सिंह ने कहा कि आज के दौर में एकेडमिक शिक्षा के बजाय तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त युवा शक्ति ही देश का सर्वांगीण विकास करने में सक्षम है।आज विकास के पर्याय के रूप में तकनीकी दक्ष युवा ही हर क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं।

### प्रमाण पत्र पाकर खिल उठे चेहरे

प्रशिक्षण सत्र 2021-23 में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, एवं अन्य ट्रेड में सफलता प्राप्त छात्रों के मुख्य अतिथि हरनारायन कर कमलों से अंक पत्र और प्रमाण पत्र पाकर चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर उपस्थित ट्रेनर्स द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की गई।

### साईकल पाकर टॉपर हुए प्रसन्न

इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में सर्वोच्च अंक पाकर टॉपर रहे दीपक कुमार तथा फिटर ट्रेड में टॉपर रहे विशाल सिंह को पुरस्कार स्वरूप नयू ब्रांड साईकल भेंट कर ग्रुप संरक्षक चंद्रमणि सिंह ने उनके तथा अन्य सभी सफल छात्रों के उज्जवल और स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर फिटर ट्रेड के अनुदेशक कुलदीप शर्मा इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के संतोष कुमार, आयुष सहित कई अन्य विभागों के विभिन्न स्तरीय कार्मिक उपस्थित रहे।

# कॉपर वायर तार चोरी कर ले जा रहे दो मजदूरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में अमौसी एयरपोर्ट स्थित एनसीसी लिमिटेड कंपनी के गोदाम से बुधवार को कॉपर वायर तार चोरी कर ले जा रहे दो मजदूर रंगे हाथ पकड़े गये। बाद में दोनों को सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। रहीमाबाद थानान्तर्गत तिलक खेड़ा निवासी मनजीत कुमार यादव अमौसी एयरपोर्ट स्थित एनसीसी लिमिटेड कंपनी के गोदाम में सुरक्षा सुपरवाइजर के पद पर कार्य करते हैं। मनजीत के मुताबिक भदोही जिले के कला का पुरा निवासी राम जी और बिहार प्रांत के लखीसराय स्थित बड़हरा निवासी अल्ताफ कंपनी में बिजली का कार्य करते हैं। मनजीत का आरोप है कि बुधवार को राम जी और अल्ताफ कंपनी के गोदाम से करीब 20 किलो कॉपर वायर तार चोरी कर एक बोरी में ले जा रहे थे। तभी अदानी ग्रुप के सुरक्षा गार्ड अर्जुन, बृजेश व कंपनी के सुरक्षा गार्डों ने मिलकर दोनों को केबिल सहित धर दबोचा और इसकी सूचना एनसीसी कंपनी के अधिकारियों को दी गई। बाद में दोनों को पकड़ कर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने सुरक्षा सुपरवाइजर मनजीत की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## पिता-पुत्रो ने तीन की पिटाई कर घायल, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। उत्तरगांव मजरा अहमदखेड़ा गांव निवासी जामवंत ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते बुद्धवार की रात आठ बजे के करीब विपक्षी बाबूलाल ने अपने बेटो रवीशंकर व शिवशंकर के साथ मिलकर लोहे के बेलचे बुरी तरह पिटाई कर गंदे पानी में गिरा दिया, इस दौरान चीख-पुकार सुनकर बचाने आयी पत्नी मैका व बेटी कंचन की शाशि ने डंडो से पिटाई कर घायल करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## संक्षेप

### कोतवाली परिसर में गाली गलौज कर रहे युवक को भेजा गया जेल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कस्बा के एक मोहल्ला निवासी युवक शराब के नशे में कोतवाली परिसर पहुंच पुलिसकर्मियों को गाली गलौज कर उपद्रव मचाने लगा उपद्रवी के खिलाफ पुलिस ने शांति भंग की चलानी रिपोर्ट उपजिला मजिस्ट्रेट सफीपुर के न्यायालय भेजी जहां से उसे जमानत न देकर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उपद्रवी की पत्नी के साथ कुछ दिन पूर्व मारपीट हुई थी जिसकी रिपोर्ट पुलिस द्वारा दर्ज न किए जाने से पुलिस की भूमिका को लेकर आक्रोशित हुआ था उपद्रवी युवक इसी आक्रोश के चलते वह बाइक से नशे में सीधे कोतवाली जा धमका था एवम पुलिस कर्मियों को जमकर गालियों से नवाजे जाने के साथ उपद्रव मचाया था ईट लेकर अपने कपड़े फाड़कर अपना सर फोड़ने की धमकी दे रहा था पुलिस ने अपनी शैली में कभी थर्ड डिग्री तो कभी दुत्कार कर तो कभी प्यार से मान मनोअल्ल कर उपद्रवी को किया था आरोपी युवक कस्बे के मोहल्ला बबर अली खेड़ा का निवासी संसार बताया जा रहा है।

### दो दिन से लापता युवक का शव तालाब में मिला परिजनो ने लगाया हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार के भगवन्तनगर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत दो दिन से लापता युवक का शव गाँव के ही तालाब में मिला। चौकी पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु भेज दिया है ।चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत बड़ी पनई निवासी कृष्ण बहादुर सिंह 42 वर्ष पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह करीब 2 दिन पूर्व मंगलवार से लापता हो गये थे ।काफी खोजबीन के बाद भी उनका कही अता-पता नही चल सका। बुधवार शाम को उनकी सायकिल गाँव के ही भवरेस्वर मंदिर के पास बने तालाब के पास खड़ी मिली । तभी से परिवारवालों को शक गहरा गया था।गुरुवार सुबह करीब 8 बजे उसका शव उसी तालाब में उतराते हुआ मिला। जैसे ही परिवार वालो को सूचना मिली कोहराम मच गया। गाँव वालो के अनुसार कृष्ण बहादुर नशे का आदी था।खेती करके अपने परिवार का गुजारा करता था । उसकी पत्नी नीता देवी ने पति कृष्ण बहादुर को किसी अज्ञात द्वारा मार कर तालाब में डाल देने का शक जताया।म्रतक के दो पुत्र साहिल 10 वर्ष व आदर्श 8 वर्ष साथ ही एक पांच वर्षीय पुत्री श्रेया भी है। पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। चौकी प्रभारी विमल कांत गोयल ने बताया शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# विधिक सेवा दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,लखनऊ के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर दिनाँक-09.11.2023 को प्रातः 9.30 बजे जनपद न्यायालय परिसर उन्नाव से जिला जज /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर विधिक सेवा दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी को रवाना किया गया।रैली में श्याम कुमारी सेठ बालिका विद्यालय, अटल बिहारी इन्टर कालेज , जी. नाथ जी. दयाल बालिका इन्टर कालेज, के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रभात फेरी में छात्र - छात्राओं के अतिरिक्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण , पराविधिक स्वयं सेवक ने प्रतिभाग किया।

इसी क्रम में बृहस्पतिवार को अपराह्न 1:30 बजे तहसील सभागार, तहसील सदर में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्षय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,उन्नाव प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्त्वाधान विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्षय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,उन्नाव प्रतिमा श्रीवास्तव महोदया की द्वारा उपस्थित जनमानस को अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस है, जो पूरे भारत वर्ष में मनाया जा रहा है। भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम और मुकदमों के अधिकार के तहत विभिन्न प्रावधानों से लोगों को अवगत कराने के लिए हर साल 9 नवंबर को विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के लोगों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करना एवं लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी है, जिनके वे हकदार हैं। भारत के कमजोर वर्गों और गरीब समूह को विधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य



से माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली ने देश में विधिक सेवा दिवस मनाने की शुरूआत की थी। विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य कार्य जनता जनार्दन को विधिक जानकारियां उपलब्ध कराना, लोक अदालतों का आयोजन कराना है।

मनीष निगम अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,उन्नाव ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस दिन माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर में कमजोर लोगों की मदद के लिए शुरूआत की थी। इसका उद्देश्य महिलाओं, दिव्यांग जन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और मानव तस्करी के शिकार इत्यादि लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है।इस दिन देश के कई स्थानों पर विशेष रूप से पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों में कई कानूनी साक्षरता शिविर और समारोह आयोजित किए जाते हैं। सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के लोग विधिक सेवा दिवस से संबंधित कार्यों और शिविरों में भाग लेते हैं। इसके अलावा इस दिन विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाता है। सचिव ने पोक्सो एक्ट एवं घूरेलू हिंसा से बचाव के कानूनों के बारे में भी जानकारी दी

लीगल एड डिफेंस काउन्सिल उन्नाव के चीफ राजेश त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी नागरिकों के लिये उचित निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरूआत पहली बार 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिये की गई थी। शशिशेखर सिंह, अपर पुलिस अधिक्षक,उन्नाव ने भी विधिक सेवा दिवस की बधाई देते हुए अपने विचार व्यक्त किय रेनू तिवारी जेल विजिटर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,उन्नाव ने वैवाहिक वादों को प्री-लिटीगेशन एवं मध्यस्थता के बारे में विस्तार से बतायो उन्होंने यह भी कहा कि पति-पत्नी को किसी भी तीसरे व्यक्ति की सुनी-सुनाई बातों में ना आये अमित कुमार रावत, नामिका अधिवक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उक्त कार्यक्रम में न्याय तक पहुँचने के सरल एवं सुगम तरीकों के बारे में बताया एवं कानूनी अधिकारों के बारे में भी जानकारी प्रदान की प्रीती सिंह जिला सम्व्यक ने अपने वक्तव्य में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं, महिला हेल्पलाइन 1090, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मानकोष, कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेन्टर, जागरूकता अभियान के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। पूर्णिमा सिंह, श्रम विभाग ने अपने वक्तव्य में कामगारों एवं श्रमिकों के अधिकारों एवं उनके लिए चल रही योजनाओं के बारे में बताय इसी क्रम में माननीया अध्यक्ष्या ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के श्रेष्ठ नामिका अधिवक्ता ईशान त्रिपाठी एड० तथा श्रेष्ठ पराविधिक स्वयंसेवक श्री राकेश कुमार की शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट किया गया अन्य कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष निगम ने उक्त कार्यक्रम का संचालन करते हुए, उक्त कार्यक्रम में उपस्थित आम जनमानस, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के कर्मचारीगण शिवबिहारी बाजपेयी, सोनल श्रीवास्तव, अमित गुप्ता व राहुल श्रीवास्तव, पराविधिकस्वयंसेवक सन्तराम, राकेश कुमार, रजनीश श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, कल्पना, गायत्री देवी, ज्योति कुशवाहा, ब्रिजेश कुमार, राजकुमार,सुप्रिया श्रीवास्तव, अली असगर, आदि उपस्थित रहे।

## ब्लाक सभागार में बैठक कर लोगों किया गया जागरूक




अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव।गुरुवार को विकास खंड सभागार में विधिक सेवा दिवस के तहत बैठक आयोजित की गई।जिसमें खंड विकास अधिकारी डां संतोष कुमार श्रीवास्तव ने आगनबाड़ी कार्यकर्तियों को जागरुक करते हुए बताया कि शासन स्तर से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए प्रेरित किया जाए।साथ ही ब्लाक स्तर से संचालित योजनाओं में मनरेगा, आवास, पेशन, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, तथा अन्य योजनाओं को बताया गया। साथ ही महिलाओं से कहा गया कि गांवों में लोगो के अधिकार व जन कल्याण कारी योजनाओं को बताए ताकि लोग जागरुक हो सके।वहीं एडीओ पंचायत रवीन्द्र प्रसाद ने भी महिला अधिकारों पर चर्चा किया।दिवस में बाल विकास परियोजना की अनामिका तिवारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## फांसी लगाकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक कस्बे के बाहर युवक का शव गुरुवार को सुबह जामुन के पेड़ पर रस्सी के फंदे से फांसी पर लटका मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर

पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा ऊगू के मोहल्ला नेवादा निवासी गोविंद(27) का शव गुरुवार को सुबह आठ बजे सच्चिदानंद अग्निहोत्री के खेत में खड़े जामुन के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। मृतक के पिता शिवपाल ने बताया कि बुधवार की रात गोविन्द, माँ से झगड़ा कर घर से चला गया था।मृतक की पत्नी पूजा ने बताया कि परिवार में मुंडन था, रात आठ बजे के करीब माँ ने पचास रुपये बेटे गोविन्द को देकर टूटे कराने को कहा था । माँ बेटे में झगड़ा हो गया। नाराज होकर गोविन्द घर से चला गया।मृतक मजदूरी करता था। तीन बहनों में अकेला भाई था। गोविन्द की मौत से माँ विटाना,पिता, पत्नी, बेटी सगुन, बेटे तन्मय, क्रिस ,रितिक रो रो कर बेहाल हैं।

प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि मृतक के पिता की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## शिक्षक ने छात्रा को डंडो से पीटा मामला पहुंचा पुलिस की चौखट पर

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।भगवन्तनगर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एक गाँव के सरकारी स्कूल में शिक्षक ने छात्रा को बुरी तरह से पीट दिया।पिता ने शिक्षक के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है ।मामला भगवन्तनगर चौकी के अंतर्गत पहाड़पुर ग्राम सभा का है जहाँ के निवासी प्रकाश पांडेय पुत्र स्व०गंगा सहाय पांडेय ने तहरीर देकर बताया कि मेरी पुत्री महक पांडेय प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर में कक्षा 4 की छात्रा है। उसी स्कूल के हेडमास्टर प्रदीप मोहन शर्मा अकारण ही उसकी पुत्री को -डंडे से जमकर पीट दिया।पुत्री जब घर आई तब उसने रो-रो कर अपने पैरों में व शरीर मे पड़े डंडो के निशान दिखाए।चौकी प्रभारी विमल कांत गोयल ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है,जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।



## गोकशी के फरार दो आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा पाटन के जंगल में कुछ दिन पहले रात गोकशी करके नर कंकाल मिले थे जिनमें कुछ लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था फरार दो आरोपियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट में पेश किया

गौरतलब है कि थाना बिहार क्षेत्र के चौकी पाटन से 500 मीटर दूर लिंक रोड के किनारे झाड़ियां में कुछ दिन पूर्व गौवंशों के नर कंकाल मिले थे जिसमे शामिल कुछ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है फरार दो आरोपियों को क्षेत्र के जाजमऊ पुल के पास बने



हनुमान मंदिर के पास से पुलिस ने यासीन पुत्र हारूल निवासी कानपुर महानगर गुड्डू उर्फ जग्गू उर्फ सहयाज पुत्र मोहम्मद नईम निवासी कानपुर महानगर को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## मंडी सचिव ने अमौली मंडी का किया निरीक्षण

### साफ सफाई समेत अराजकता हटाने की दिए निर्देश बंदरों द्वारा फैलने वाले अतिक्रमण के लिए काले मुंह वाले बंदरों के लगाए गए जगह –जगह पोस्टर

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुरे जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत लगने वाली मंडी समिति का मंडी सचिव आशीष कुमार यादव ने निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मंडी के अंदर साफ सफाई तथा कुछ दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से लगाई जा रही दुकानों को हटाने का निर्देश दिया वहीं कस्बे में बंदरों के भीषण



आतंक के चलते व्यापार में काफी प्रभाव पर रहा है आम जनमानस के मुख्य मार्ग पर चलते ही खरीदी गई वस्तुएं बंदर खींच कर ले जाते हैं वहीं मंडी समिति के अंदर भी बंदरों के आतंक के कारण दुकानदारों में अधिकतर भय व्याप्त रहता है जिसे संज्ञान में लेते हुए सचिव आशीष यादव ने मंडी समिति के अंदर जगह-जगह काले मुंह वाले बंदरों की तस्वीर के पोस्टर लगवाऐ माना जाता है कि काले मुंह वाले बंदरों को देखकर लाल मुंह वाले बंदर स्थान छोड़कर भाग जाते हैं मौके पर कर्मचारियों द्वारा पोस्टर लगाते ही संपूर्ण मंडी में फैले सैकड़ो लाल मुंह वाले बंदर मंडी छोड़कर भाग खड़े हुए सघन निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर समेत वरिष्ठ नागरिकों से मंडी सचिव ने दुकानदारों के व्यापार में उन्नति के विषय में अनेक प्रकार की चचाएँ की वहीं दुकानदारों को भी निर्देश देते हुए मंडी सचिव ने बताया की सभी दुकानदार समय रहते अपना पंजीकरण करा ले बिना पंजीकरण के कोई भी व्यापारी व्यापार ना करें अन्यथा वह कार्यवाही का शिकार होगा जहानाबाद मंडी के साथ-साथ अमौली मंडी का कार्यभार देख रहे मंडी सचिव आशीष कुमार यादव ने अमौली कस्बे समेत क्षेत्र के सभी नागरिकों को हर संभव सुरक्षा प्रदान करने का आस्वासन दिया इस मौके पर ग्रामीण शिवशंकर वर्मा काजू ओमर राजकिशोर ओमर संतोष प्रजापति राजकुमार साहू सूरज पटेल सुनील सविता मदन वर्मा समेत आसपास के दुकानदार एवं वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे

## मकान हड़पने के चक्कर में देवर ने बुजुर्ग भाभी को पीटा

### अवैध तरीके से दान के मकान पर कब्जा की कोशिश व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर।थाना क्षेत्र के ग्राम गोधरौली की रहने वाली एक वयोवृद्ध महिला के साथ देवर ने अवैध तरीके से दान अभिलेख दस्तावेज तैयार करके मकान हड़पने की कोशिश की गई थी,जिसमे 22 जुलाई 2023 की रात 8 बजे चार लठैत आकर महिला के मकान का सामान फेंकने लगे थे जिसका विरोध करने पर महिला सहित उसके पुत्रों व बहुओं के साथ मारपीट तथा अभद्रता की थी , थाने में एफआईआर न




लिखी जाने के कारण महिला ने धारा 156 ( 3 ) के तहत न्यायालय की शरण ली थी। और इसी न्यायालय के आदेशानुसार गत दिवस देवर मेवालाल पुत्र श्यामलाल ( 65 ) लड़का रामलाल पुत्र श्यामलाल ( 40 ) नीलू देवी पत्नी रामलाल तथा चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध थाना अध्यक्ष औंग विद्या यादव ने मुकदमा अपराध संख्या 0172/2023 के तहत धारा 147 420 323 504 506 का मुकदमा दर्ज कर विवेचना कार्यवाही प्रारंभ की

## अधिशासी अधिकारी ने नगर में परखी साफ सफाई की व्यवस्था




अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आगामी पर्व को लेकर अधिशासी अधिकारी ने नगर के वार्डो में परखी साफ सफाई की व्यवस्था मौजूद कर्मचारियों को निर्देशित किया की नगर की हर एक गली में सही ढंग से साफ सफाई की जाए जिससे नगर वासियों को किसी प्रकार की अव्यस्था न मिले

आदर्श नगर पंचायत सफीपुर में आगामी त्योहारों की दृष्टिगत सफाई व्यवस्था का निरीक्षण अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार श्रीवास्तव ने वार्ड सभासद के साथ किया तथा सड़क पर कूड़ा/गंदगी फैलाने वालों को चेतावनी भी दी गई। साथ ही शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार निराश्रित गोवंश संरक्षित करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त मार्ग प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था हेतु संबंधित को भी निर्देशित किया।

## विद्यालय के बच्चो द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कालेज में विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर द्वारा मनाए जा रहे विधिक सेवा दिवस के मौके पर बिंदकी तहसील में पं. सोहन लाल द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कालेज व दयानंद इंटर कालेज के छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। पं. सोहन लाल द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने जागरूकता प्रभात फेरी बिंदकी नगर की विभिन्न स्थानों से निकालते हुए तहसील परिसर में आई जहां मौजूद तहसीलदार अचलेश सिंह, विधिक सेवा प्राधिकरण के




वायलेंटियर सहित राजस्व विभाग ने हौसला अफजाई किया।जागरूकता रैली में छात्राएं मतदान करने सम्बन्धित नारे लगा रही थी।

## चिंतन

# राज्यपालों को आत्मावलोकन की 'सुप्रीम' नसीहत मौजूं

विगत कुछ वर्षों में राज्यपालों का राज्य सरकारों से टकराव बढ़ा है। अनेक मामले में राज्यपाल चुने हुए प्रतिनिधि की तरह राजनीतिक मकसद से काम करते दिखे। चाहे राज्य कैबिनेट के फैसले को रोकना हो, या उसमें अड़ंगा लगाना हो, या राज्य सरकार को हिदायत देनी हो, मुख्यमंत्री को असहयोग करना हो, चाहे सरकार बनाने या गिराने में अपनी शक्ति का दुरुपयोग हो, अनेक ऐसे मैके आए जब राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रधिनिधि के तौर पर अपने दायित्वों के निर्वहन में निष्पक्ष नहीं दिखे, बल्कि वे सत्ता पक्ष के 'एजेंट' के तौर पर काम करते दिखे। पश्चिम बंगाल, महराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली आदि में राज्यपाल व उपराज्यपाल के चुनी हुई सरकार के साथ टकरावों ने विगत वर्षों में सुर्खियां बटोरीं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय ने राज्यपालों को थोड़ा आत्मावलोकन करने का सुझाव दिया है। राज्यपाल को अपनी शक्तियां मालूम है, उन्हें राज्य कैबिनेट के फैसले को मंजूरी देनी होती है, इसके लिए अगर राज्य सरकार को अपने राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाना पड़े तो यह हमारे संविधान व लोकतंत्र के लिए शर्मनाक स्थिति है। संवैधानिक संकट के समय किसी राज्य के शासन में राज्यपाल की भूमिका है, नहीं तो सरकार चलते रहने के समय राज्यपाल का चुनी हुई सरकार के साथ सहयोगात्मक तालमेल होना चाहिए। चूंकि किसी राज्य में केंद्र से अलग दल की सरकार है, जबकि राज्यपाल केंद्रीय सत्ताधारी दल से ताल्लुक रखते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह अपनी शक्ति का दुरुपयोग करें। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार बनाम पंजाब के राज्यपाल के मुद्दे पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को पंजाब विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित की ओर से उठाए गए कदमों पर अद्यतन स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 'राज्यपालों को मामले उच्चतम न्यायालय में आने से पहले ही विधेयकों पर कार्रवाई करनी चाहिए, इसे खत्म करना होगा कि राज्यपाल तभी काम करते हैं जब मामला उच्चतम न्यायालय आता है...राज्यपालों को थोड़ा आत्मावलोकन की आवश्यकता है और उन्हें पता होना चाहिए कि वे जनता के निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं हैं।' पंजाब के राज्यपाल की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि राज्यपाल ने उनके पास भेजे गए विधेयकों पर कार्रवाई की और पंजाब सरकार द्वारा दायर याचिका एक अनावश्यक मुकदमा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि पंजाब के राज्यपाल का मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के साथ कुछ मुद्दों पर टकराव है। पुरोहित ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखे पत्र में कहा था कि विधेयकों को विधानसभा में पेश करने की अनुमति देने से पहले वह सभी प्रस्तावित कानूनों की गुण-दोष के आधार पर जांच करेंगे। विधानसभा में धन विधेयक पेश करने के लिए राज्यपाल की मंजूरी की जरूरत होती है। राज्यपाल ने 19 अक्टूबर को मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में तीन धन विधेयकों को अपनी मंजूरी देने से इनकार कर दिया था। केंद्र और राज्य के बीच सेतु के रूप में काम कर रहे राज्यपालों को राज्य के विकास को केंद्र में रखकर चुनी हुई सरकार के फैसलों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें अपनी राजनीतिक झुकाव से ऊपर उठकर निष्पक्षता से काम करना चाहिए।



विस चुनाव
डा. सूर्यकांत मिश्रा

# आचार संहिता को चिढ़ाती घोषणाएं

> चुनाव से पूर्व मतदाताओं को लुभाने की नीयत से फ्री की रेवड़ियां बांटने पर निर्वाचन आयोग मौन क्यों है? कहने को तो आचार संहिता के बाद किसी प्रकार की घोषणा या नए कार्यों को करना नियम विरुद्ध होता है, किंतु निर्वाचन आयोग पार्टियों द्वारा की जाने वाली लोक-लुभावन घोषणाओं पर आंख और मुंह पर पट्टी बांधे नजर आता है। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के साथ विचार विमर्श कर मसौदा भी तैयार किया। मसौदे में पूछा गया है कि फ्री की घोषणाओं पर अमल करने के लिए धन कहां से अर्जित किया जाएगा? इसे बताना भी जरूरी होगा। इतना सब होते हुए भी आचार संहिता लगने के बाद निर्वाचन आयोग की चुप्पी समझ से परे है।

विधानसभा चुनाव से पहले नेता येन - केन-प्रकारेण सत्ता में काबिज होना चाह रहे हैं। विधानसभा के प्रथम चरण का मतदान आज 7 नवंबर को होना है। पहले चरण में छत्तीसगढ़ और मिजोरम में चुनाव होने हैं। छत्तीसगढ़ में दो चरण में चुनाव होंगे। छग में कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव प्रचार- प्रसार की कमान संभाली है। चुनाव प्रचार के बहाने बड़े-बड़े लोक लुभावन वादे अपने घोषणा पत्र के माध्यम से कांग्रेस ने किए हैं। सबसे ज्यादा किसानों को साधने का प्रयास किया गया है। राहुल गांधी ने तो केजी से पीजी तक शिक्षा को मुक्त करने का ऐलान भी कर दिया है! कांग्रेस की ललचायी घोषणाओं के बाद भारतीय जनता पार्टी भी चुप नहीं बैठी है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र में क्या होगा ? किसके लिए होगा ? कौन खुश तथा कौन नाराज होगा? कहना मुश्किल है, लेकिन सबको लुभाने की कोशिश जरूर है। भाजपा ने भी अनेक लोकलुभावन घोषणाएं की हैं। सवाल यह उठता है कि चुनाव आचार संहिता के बाद ऐसा करना आचार संहिता का उल्लंघन क्यों नहीं माना जा रहा है ? जब वाहनों की जांच के दौरान कैश से लेकर हर प्रकार की सामग्री यह मानकर जब्त की जा सकती है, कि वह मतदान को प्रभावित कर सकती है, तब रेवड़ियों का वादा करती चुनावी घोषणाओं पर विराम क्यों नहीं लग पा रहा है? यह आचार संहिता का उल्लंघन कैसे नहीं है? चुनाव आयोग क्या कर रहा है?

चुनाव से पूर्व मतदाताओं को लुभाने की नीयत से फ्री की रेवड़ियां बांटने पर निर्वाचन आयोग मौन क्यों है? देखा जाए तो चुनाव संपन्न होने के बाद 5 वर्षों तक सत्ताधारी दल को जन सामान्य के लिए योजनाओं की याद नहीं आती। जैसे ही नए चुनाव पास आते हैं दो सप्ताह के भीतर योजनाओं की झड़ी मानसूनी बादल की तरह बरसने लगती है। कहने को तो आचार संहिता के बाद किसी प्रकार की घोषणा या नए कार्यों को करना नियम विरुद्ध होता है , किंतु निर्वाचन आयोग पार्टियों द्वारा की जाने वाली लोक- लुभावन घोषणाओं पर आंख और मुंह पर पट्टी बांधे नजर आता है। परियोजनाएं बनाना और उन्हें लागू करना राज्य सरकार का अधिकार है। मतदाता के लिए भी इसे जानना जरूरी है। वह इसलिए कि परियोजनाओं का आर्थिक प्रभाव क्या होगा। यह विचारणीय है कि चुनाव जीतने के लिए घोषित मौजूदा लोक- लुभावन फ्री की रेवड़ियों की कीमत आने वाली पीढ़ी को तो नहीं चुकानी पड़ेगी? अगली पीढ़ी का भविष्य कहीं गिरवी तो नहीं रख दिया जाएगा? सबसे बड़ा सवाल यह की इन फ्री की रेवड़ियों वाली घोषणाओं के लिए धन कहां से आएगा? वास्तविक रूप में देखा जाए तो अधिकांश घोषणाओं का आर्थिक आधार नींव के बिना धूल- धूसरित होता रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने रेवड़ियों के मामले पर केंद्र सरकार, चुनाव आयोग और राजस्थान सरकार से जवाब भी मांगा है, इससे साफ है कि शीर्ष अदालत इस मसले पर सख्त है।



निर्वाचन आयोग घोषणाओं के मामले में पूरी तरह अनभिज्ञ अथवा चुप रहता हो, ऐसा कहना भी गलत हो सकता है । कारण यह कि निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के साथ विचार विमर्श का मसौदा भी तैयार किया है। मसौदे में पूछा गया है कि फ्री की घोषणाओं पर अमल करने के लिए धन कहां से अर्जित किया जाएगा? इसे बताना भी जरूरी होगा। कोई टैक्स, सेस या किस योजना के तहत धन अर्जित किया जाएगा? जिससे फ्री की रेवड़ियां बांटी जा सके? इतना सब होते हुए भी आचार संहिता लगने के उपरांत निर्वाचन आयोग की चुप्पी समझ से परे है। किसी प्रदेश को तंगहाली अथवा कंगाल बनाने में फ्री की योजनाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। इस तरह की घोषणाओं के बाद राजनीतिक पार्टियाँ सत्ता में रहे अथवा विपक्ष में बैठे, मुफ्त की योजनाओं को लागू करना अथवा कराना मुमकिन नहीं हो पता है। सीधे शब्दों में कहूं तो स्थिति ऐसी होती है कि न तो निगलते बनता है और न ही उगलते। मुफ्त की योजनाओं को बंद करने अथवा ऐसी घोषणाओं पर विराम लगाने सुप्रीम कोर्ट में एक नहीं अनेक याचिकाएं लंबित हैं। कानून के जानकार यह भी कहते नहीं थकते की अदालत के पास आदेश जारी करने की शक्ति है, किंतु आदेश के बाद किसी योजना के कल्याणकारी होने का दावा करते हुए पुनः अदालत का दरवाजा न खटखटा दिया जाए। ऐसे में स्थिति विकट हो सकती है। यह बहस का विषय हो सकता है न्यायपालिका को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा?

फ्री की योजनाओं को लेकर सभी दल एक कड़ी में बंधे देखे जा सकते हैं। हर दल चाहता है कि फ्री की रेवड़ियां बांटना जारी रहे। इससे उनका कुछ नहीं बिगड़ता । धन आम जनता का होता है, और गद्दी उनकी सुरक्षित रहती है। मैं एक सवाल निर्वाचन आयोग से करना चाहता हूं , कि जब सरकार के पास विकास कार्यों के लिए फंड नहीं होने का रोना रोया जाता है, तो चुनाव जीतने के लिए, ललचाई घोषणाओं के लिए फंड कहां से उपलब्ध हो जाता है ? यही बड़ा कारण है जिससे हमारी अर्थव्यवस्था लचर होती जा रही है। देश के प्रत्येक मतदाता को यह जानने का हक है कि फ्री की रेवड़ियों या निः शुल्क गिफ्ट बांटने के लिए सरकार अथवा राजनीतिक दल पैसे कहां से ला रही है अथवा लाएंगी? देश के एक-एक करदाता को यह जानने का अधिकार है कि उसकी गाढ़ी कमाई का हिस्सा, जो टैक्स के रूप में जा रहा है , उसका उपयोग कहां और कैसे हो रहा है? साथ ही घोषणा पत्र में लालच देने वाली पार्टी को यह बताना होगा की घोषणाओं को पूरा करने के लिए फंड कहां से आएगा? नागरिकों को रेवड़ियों का वादा करने वाले इन दलों को कटघरे में खड़ा करना चाहिए।

आज हर दल सत्ता चाहता है और सत्ता की चाहत में उसके द्वारा फ्री की रेवड़ियों की मिठास घोषणा पत्र में लपेटकर मतदाताओं को पड़ोसी जाती है। यही वह घोषणाएं होती है जो देश अथवा प्रदेश को दिवालिया करने में अपनी भूमिका अदा करती है। निर्वाचन आयोग ही वह ताकतवर संगठन है, जो ऐसी राजनीतिक पार्टियों पर लगाम लगा सकता है। आने वाले लोकसभा चुनाव में यदि निर्वाचन आयोग को ऐसी शक्ति दे दी जाती है, जिससे वह चुनाव आचार संहिता के उपरांत राजनीतिक दलों द्वारा की जाने वाली लोक लुभावना घोषणाओं पर लगाम लगा सके, तो हम प्रदेश के विकास की नई तस्वीर देख सकते हैं । यदि हमारे निर्वाचन आयोग को 'पिंजरे का तोता' बनाकर रख दिया गया तो, वह दिन दूर नहीं जब भारत वर्ष का प्रत्येक राज्य श्रीलंका बन जाएगा। यदि हम श्रीलंका या फिर ऐसा ही कोई राष्ट्र नहीं बनना चाहते हैं, तो वित्त आयोग से लेकर नीति आयोग को फ्री की घोषणाओं पर नियंत्रण करने पर गौर करना होगा ।

जागरूकता दिवस
डा. रमेश ठाकुर




# प्रदूषणकाल में बढ़ रहे कैंसर को रोकने की महती चुनौती

आमजन में अक्सर ऐसी धारणाएं रही हैं कि कैंसर मुख्यतः तंबाकू, खैनी-गुटखा या शराब के सेवन से ही होता है। पर, कैंसर अब इन वजहों तक ही सीमित नहीं रहा? इस खतनाक बीमारी ने बड़ा विस्तार ले लिया है। कैंसर अब प्रदूषण के चलते भी होने लगा है। वायु प्रदूषण से सिर्फ अस्थमा, हृदय संबंधी डिजीज, स्किन एलर्जी या आंखों की बीमारियां ही नहीं होती, बल्कि जानलेवा कैंसर भी होले लगा है। इसलिए यहां जरूरी हो जाता है कि वायु प्रदूषण से फैलने वाले कैंसर के प्रति ज्यादा से ज्यादा देशवासियों को जागरूकता किया जाए और प्रत्येक हंथकंड़ों को अपनाकर घरों-घरों तक जागरूकता फैलानी चाहिए। इस काम में सरकारों के साथ-साथ आमजन को भी भागीदारी निभानी होगी। धुंध, प्रदूषित काले बादल व प्रदूषण की मोटी चादर इस वक्त कई शहरों पर चढ़ी हुई है जिसमें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सबसे अव्वल स्थान पर है जहां का एक्यूआई लेबर गंभीर स्थिति को भी छलांग लगा चुका है। दिल्ली के अलावा देश के बाकी महानगरों का भी हाल ज्यादा अच्छा नहीं है, वहां भी लोगों को सांस लेना दूभर हो रहा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बहरहाल, कैंसर अब नए-नए रूप में उभर रहा है जिसमें दूषित वायु प्रदूषण अहम भूमिका में है। हेल्थ एक्सपट्र्स की मानें तो विषाक्त और दमघोंटू प्रदूषण कई तरीके से कैंसर को जन्म दे रहा है। रिपोर्टें बताती हैं कि प्रदूषण जब शरीर में घुसता है, तो वो सबसे पहले अंदरूनी कोशिकाओं यानी डीएनए पर प्रहार करके उन्हें डैमेज करता है जो आगे चलकर कैंसर का प्रमुख कारण बनता है। इसके अलावा प्रदूषण से शरीर में इंफ्लेमेशन भी बढ़ता है और इम्यून सिस्टम को बिगाड़ता है। प्रदूषण को लेकर जो स्थिति इस वक्त समूचे हिंदुस्तान में बनी है। ऐसे में हल्के-फुल्के मरीजों के लिए ये वक्त बहुत ही खतरनाक है। ऐसे मरीजों का वायु प्रदूषण के संपर्क में आने का मतलब है कैंसर, स्ट्रोक, श्वसन, हृदय संबंधी रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं को दावत देना? डब्ल्यूएचओ की पिछले साल की एक रिपोर्ट इसी माह नवंबर में आई थी जिसमें बताया गया था कि वायु प्रदूषण से पूरे संसार में प्रतिवर्ष लगभग सात मिलियन मौतें होती हैं जिसमें भारत को दूसरे स्थान पर रखा था। स्थिति इस वर्ष भी भंयकर है।



हिंदुस्तान में पिछले तीन वर्षों में कैंसर से अपनी जान गंवाने वालों की संख्याओं पर नजर डालें तो, सन 2020 में 7,70,230 मौतें थी। जो 2021 में बढ़कर 7,89,202 हुई। वहीं, 2022 में यानी पिछले साल भारत में कैंसर से मरने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ, संख्या बढ़कर 8,08,558 पर पहुंच गई। इस साल का आंकड़ा दो महीने बाद आएगा, निश्चित रूप से वो भी डरावना ही होगा। कैंसर को लेकर जागरूकता की कोई कमी नहीं है। केंद्र सरकार से लेकर सभी राज्य सरकारें भी जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। लेकिन कैंसर है कि रुकने का नाम ही नहीं ले रहा। चिकित्सकों की मानें तो कार्सिनोजेन यानी कैंसरजनक जो कैंसर फैलाने वाला पदार्थ हैं जो तंबाकू, धुआं, पर्यावरण, वायरस किसी से भी हो सकता है। मौजूदा कैंसर ज्यादातर दूषित वातावरण से ही होने लगा है। भारत में सितंबर 2014 में, राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस की शुरुआत पहली बार तबके केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा हुई। तब उन्होंने एक समिति का गठन किया और निर्णय लिया कि विभिन्न किस्म के होने वाले कैंसरों की गंभीरता, उनके लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी और प्रत्येक वर्ष नवंबर की 7 तारीख को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाया करेगा। तभी से इस खास दिवस की शुरुआत हुई। वैसे इस दिवस की प्रासंगिकता अब और बढ़ गई है, क्योंकि प्रदूषण कैंसर का कारण बन रहा है.


# धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित
**दर्शन**

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए। शेर की तरह सम्मान के साथ चलिए।

# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**युवाओं के लिए होगी मेरा युवा भारत की स्थापना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक स्वायत्त निकाय 'मेरा युवा भारत' की स्थापना को मंज़ूरी दी गई। इसके जरिए युवाओं के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनेगा। इसका उद्देश्य युवाओं में सेवा और कर्तव्य भाव जागृत करते हुए उनको देश और समाज हित में उपयोग करना है। उन्हें देश के साथ एकजुट होने के लिए प्रेरित करना है। 31 अक्टूबर यानी राष्ट्रीय एकता दिवस पर इसकी शुरुआत की जानी थी। राष्ट्रीय युवा नीति में 'युवा' की परिभाषा के अनुरूप 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं को लाभान्वित करेगा। इस कार्यक्रम के घटक विशेष रूप से किशोरों के लिए बनाए गए हैं जिसके लाभार्थी 10 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के किशोर होंगे। यह एक सराहनीय पहल है। *– शरद जोशी, धमतरी*

## ट्रेंड

**यह ठीक नहीं**



भोजन हर इंसान के लिए जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। यह जानकर कष्ट होता है कि दुनिया के कई हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग खाली पेट सो जाते हैं। यह मानव द्वारा हासिल की आर्थिक और तकनीकी प्रगति के लिए ठीक नहीं।
-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

**नरसंहार का समर्थन**



शर्मनाक है कि 10,000 नागरिकों, जिनमें से 5000 बच्चे हैं, का नरसंहार किया गया। अस्पतालों और एम्बुलेंसों पर बमबारी की गई है। फिर भी दुनिया फिलीस्तीन में नरसंहार का समर्थन जारी रखे हुए है।
-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

**बहुत खुशी होगी**



अच्छा खेले विराट कोहली। शानदार खेल का प्रदर्शन किया। ऐसे मौके पर शुरुआत में 49 से 50 तक जाने में मुझे 365 दिन लगे। मुझे उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में आप 49 से 50 पर पहुंच जाएंगे और मेरा रिकॉर्ड तोड़ देंगे। मुझे बहुत खुशी होगी। बधाई हो।
-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

**नुकसान हो रहा**



मुझे दुख के साथ ऑनलाइन फैलाए जा रहे मेरे फेक वीडियो के बारे में बात करनी पड़ रही है। यह हममें से हर एक के लिए बेहद डरावना है, आज प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग के कारण बहुत नुकसान हो रहा है।
-रश्मिका मंदाना, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# पाक से 6500 से अधिक अफगान नागरिक निकले



पाकिस्तान में अवैध रूप से रहे विदेशी नागरिकों को निकालने के अभियान के तहत रविवार को 6,500 से अधिक और अफगानिस्तानी नागरिकों ने तोरखम सीमा के रास्ते देश छोड़ दिया। इन्हें मिला कर पाकिस्तान छोड़ने वाले अफगान नागरिकों की कुल संख्या 1,70,000 से अधिक हो गई है। सीमा अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को एक नवंबर तक पाकिस्तान छोड़ने का आदेश देते हुए कहा था कि ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आदेश के बाद से ही इन नागरिकों की स्वैच्छिक वापसी जारी है।

## ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न



पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमख कारण है.

## संक्षेप

### तहसीलदार पर लगा गरीबों को उजाड़ने का आरोप

**हाईकोर्ट की रोक के बावजूद परेशान किए जा रहे थे पीड़ित, डीएम ने दिया मदद का भरोसा**

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में पेयजल योजना के नाम अब गरीब उजाड़े जा रहे हैं। डीएम के जनता दरबार में एक परिवार पहुंचा तब इसका खुलासा हुआ। हैरत तो इस बात पर है कि हाईकोर्ट ने रोक का आदेश देरखा है इसके बाद भी राजस्व अधिकारी मानने को तैयार नहीं हैं। मामला सदर तहसील के धम्मौर थानाक्षेत्र अंतर्गत सोनबरसा गांव का है। यहां पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन आदि का कार्य होना है। जिसके लि गरीबों के घर और गौशाला उजाड़ने की तैयारी चल रही। हाईकोर्ट ने इस प्रकरण में बुलडोजर समेत अन्य उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा रखी है। पुनर्वास योजना के तहत ऐसे लोगों को पहले बसाने फिर हटाने की हिदायत शासन ने भी दे रखी है। इस बाबत पीड़ित राम अवध यादव तहसीलदार सदर के उत्पीड़न से तंग आकर डीएम कृतिका ज्योत्सना के जनता दरबार पहुंचे। जहां पर पूरे परिवार के साथ पहुंचकर उन्होंने न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि गांव में बहुत सी खाली जमीनें पड़ी हैं, लेकिन पंचायत चुनाव के रंजिश के नाते उन्हें परेशान किया जा रहा है। डीएम के आदेश पर एसडीएम सदर सीपी पाठक ने ज्ञापन लिया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### सुल्तानपुर में उड़ी ट्रैफिक नियमों की धज्जियां

**एक पिकअप पर बैठी 31 सवारी, ड्राइवर के बगल में बैठे 4 लोग**

सुलतानपुर, नवंबर माह यातायात माह के नाम से जाना जाता है। इसमें वाहन चालकों को नियम-कानून कायदे बताए जाते हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई होती है। लेकिन सुल्तानपुर में इसका डर दिखाई नहीं दे रहा। स्थिति ये है कि एक पिकअप चालक 31 सवारियां भरकर धड़ल्ले से एसपी ऑफिस के पास से वाहन दौड़ाता निकला। नगर स्थित एसपी ऑफिस के निकट की एक तस्वीर सामने आई है। जिसमें महिलाएं, बच्चे और पुरुष मिलाकर पिकअप डाले के बैक में 26 सवारियां बैठी थीं। जबकि चालक ने अपने बगल में 4 सवारियां बैठा रखी थी। पिकअप एसपी ऑफिस से डाकघर चौराहा होते हुए पयागीपुर की ओर निकली। हैरत की बात ये है कि एसपी ऑफिस से पहले दीवानी, गोलाघाट और गोमती पुल, बाधमंडी, दरियापुर तिराहा पर ट्रैफिक बूथ हैं। जहां ट्रैफिक के दरोगा और सिपाही मौजूद होते हैं लेकिन किसी की निगाह इन नियम तोड़ने वालों पर नहीं पड़ी। बता दें कि जिले में ट्रैफिक नियम की ये अनदेखी तब देखने को मिल रही है जब दो दिन पूर्व दोस्तपुर थानाक्षेत्र के बसहा के पास टैंपो सवार मां-बेटी की मौत हुई। रविवार को ही नगर स्थित ओवर ब्रिज पर बाइक सवार दो दोस्तों की जानें गई।

# ब्लॉक सभागार में आयोजित हुआ मोदी मित्र कार्यकर्ता सम्मेलन

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज के मंडल जरवल के ब्लॉक सभागार में मोदी मित्र कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमाल सिद्दीकी व विशिष्ट अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री डॉ. हैदर अब्बास चाँद का लोकतंत्र सेंनानी प्रमोद गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख ई.विपेन्द्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, मोदी मित्र सह प्रभारी ओम चंद्र वर्मा, कार्यक्रम आयोजक जिला उपाध्यक्ष एकमाल हुसैन ने बुके व माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम मे मौजूद अल्पसंख्यक वर्ग के तमाम युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्य अतिथि कमाल सिद्दीकी कहा कि विपक्ष तमाम अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को गुमराह कर वोट बटोर ले जाते हैं लेकिन उनके लिए कोई विकास का रोड मैप तैयार नहीं करते हैं। लेकिन नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का तमाम लाभ आज समस्त अल्पसंख्यक वर्ग सहित तमाम लोगों को मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि डा. हैदर अब्बास चाँद ने युवाओं को मोदी मित्र बन कर समाज सेवा करने व अल्पसंख्यक समाज के बड़ी संख्या मे युवाओं को भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर आगामी चुनाव 2024 में पुनः मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनने के लिए संकल्पित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रदीप जायसवाल व कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख जरवल ई.विपेन्द्र वर्मा ने की। इस अवसर पर कमाल अहमद, खैबर अली, प्रधान असलम खान, ओम प्रकाश अवस्थी, सुरेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# मिट्टी के दीयो को रंगों से सजाकर बच्चो ने बनाई रंगोली

**कंचन कान्वेंट स्कूल के बच्चो ने दीपकों से सजायी रंगोली**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। दीपावली का पर्व ज्यो ज्यो नजदीक आता जा रहा है लोगों में उत्साह बढ़ता जा रहा है। स्थानीय कंचन कान्वेंट स्कूल में गुरुवार को बच्चों ने मिट्टी को दीयो को विभिन्न रंगों में रंग कर उसे खूबसूरती से सजाया तथा सभी ने एक साथ दीपों को इकट्ठा कर उसकी सुंदरता में चार चांद लगा दिया।

विद्यालय की शिक्षिका शीबा व आयशा फातिमा के नेतृत्व में कक्षा छात्र-छात्राओं ने मिट्टी के दिए को विभिन्न रंगों से सजाया तथा उसे खूबसूरत बनाने के लिए उसे पर स्केच व वाटर कलर से खूबसूरती से रंगा कर कलाकृतियां भी बनायी। बच्चों ने इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह से भाग लिया। विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की एक्टिविटी से बच्चों में नैसर्गिक प्रतिभा का विकास होता है। इस मौके पर विजय मिश्रा, मोहम्मद माजिद, प्रदीप श्रीवास्तव, वारिशा, साक्षी, सुधा सिंह, वैशाली, उमाशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन ने किया गया आयु रक्षा किट का वितरण



**कार्यशाला का भी हुआ आयोजन**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बीते गुरुवार को डॉक्टर रंजन वर्मा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बहराइच/श्रावस्ती द्वारा अष्टम आयुर्वेद दिवस के आयोजन के तहत ऋतुचार्य थीम पर एक कार्यशाला का आयोजन तथा हेमंत ऋतु में सेवनीय आयु रक्षा किट का वितरण किया गया।

अष्टम आयुर्वेद दिवस कार्यशाला का आयोजन पुलिस लाइन जनपद बहराइच में किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक बहराइच प्रशांत वर्मा रहे। इस दौरान डॉ रंजन वर्मा द्वारा आयुर्वेद के महत्व, उसके लाभ व जीवन मे आयुर्वेद की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाला मे मुख्य रूप से पवित्र मोहन त्रिपाठी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस उपाधीक्षक आनंद राय, पुलिस उपाधीक्षक सुरेश पाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक रूपेंद्र कुमार गौड़, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह व पुलिस लाइन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उक्त कार्यशला में उपस्थित रहे। इस मौके पर उपस्थित समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को आयु रक्षा किट का वितरण भी किया गया।

# मसूर की खेती बन सकती है अतिरिक्त आय का स्रोतः डा.पीके सिंह


अमन लेखनी समाचार



बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम पर संचालित निकरा परियोजना मे बाढ़ग्रस्त ग्रामों के चयनित कृषकों को फसल मसूर प्रजाति पीएल 9 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत वितरण किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. पीके सिंह ने बताया कि रबी में मसूर की खेती किसानो के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत हो सकता है। डा.सिंह ने बताया कि मसूर कि बुवाई का उपयुक्त समय नवंबर के मध्य तथा विलंब की दशा में दिसंबर के प्रथम सप्ताह तक किया जा सकता है। मसूर की बुवाई के लिए बीज दर 12 से 15 किलोग्राम प्रति एकड़ (छोटे दाने वाली प्रजाति के लिए) रखने की जरुरत होती है। बीज जनित रोगों से बचाव के लिए दो ग्राम थीरम या एक ग्राम कार्बेन्डाजिम से प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करके ही बुवाई करनी चाहिए। परियोजना के सहायक समन्वयक डॉ. नीरज कुमार सिंह ने बताया कि, मसूर की बुवाई जीरो टील के माध्यम से भी की जा सकती है जिससे किसानों को अधिक पैदावार का लाभ मिलता है। साथ ही साथ फूल लगने की अवस्था में सिंचाई करने से बचना चाहिए, एक सिंचाई फूल आने के पूर्व तथा एक बाद में करनी चाहिए। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. नंदन सिंह ने बताया मसूर की सामान्य बुवाई में 12 किलो यूरिया, 50 किलो सिंगल सुपर फॉस्फेट प्रति एकड़ की दर से उपयोग करें।

वितरण कार्यक्रम मे केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. पीके सिंह (वैज्ञानिक उद्यान), डॉ. अरुण कुमार राजभर, सुनील कुमार व यंग प्रोफेसनल कुशाग्र सिंह के साथ साथ लखन, अवधराम, मनीषा, संगीता, संपता, इन्दर व अन्य किसान मौजूद रहे।

# आधुनिक संसाधनों के साथ संपन्न हुई फखरपुर शिक्षक संकुल बैठक



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्र की अध्यक्षता में ब्लॉक फखरपुर के शिक्षक संकुलो की बैठक बीआरसी पर संपन्न हुई। बैठक में प्रेरणा पोर्टल पर संकुलो से प्रत्येक स्कूल की प्रगति की समीक्षा ऑन लाइन डैश बोर्ड पर करते हुए शिक्षक संकुलो को निर्देशित करते हुए अधिकतम छात्र उपस्थिति तथा बच्चों को पुस्तक वितरण और ड्रेस वितरण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अनुराग मिश्र ने शिक्षक संकुल बैठक में आधुनिक स्मार्ट कक्ष का शुभारंभ किया, कहा कि समस्त बैठक अब बेसिक शिक्षा के सभी स्कूलों की समीक्षा ऑन लाइन ही की जायेगी जिससे किसी भी कार्य में कोताही ना हो। संकुल बैठक में शिक्षक संकुल मिथिलेश मिश्र, विवेक सिंह, साकेत तिवारी, तनवीर आलम, रजत सिंह, बिलाल अंसारी अमित आर्या, दीपशिखा, विनय पांडे, त्रियुगीनारायण आदि शिक्षक संकुल मौजूद रहे।

# अमेठी से प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ाने के लिए धरना

- कांग्रेस कार्यालय के बाहर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठा कांग्रेस कार्यकर्ता

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ने की मांग को लेकर एक कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गया है। कांग्रेस कार्यकर्ता का कहना है कि अमेठी गांधी परिवार की कर्मभूमि है इसलिए प्रियंका गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ना चाहिए और जब तक उसे प्रियंका गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का आस्वाशन नहीं मिलेगा तब तक वो धरने पर बैठा रहेगा। दरअसल अगले साल लोकसभा चुनाव होने है ऐसे में कांग्रेस के कई बड़े नेता दावा कर चुके है कि राहुल गांधी एक बार फिर अपनी परंपरागत सीट अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। कयास ये भी लगाए जा रहे हैं कि राहुल अगर चुनाव नहीं लड़ते तो प्रियंका गांधी यहां से चुनाव लड़ेंगी। अभी कुछ दिन पहले कांग्रेस के नव निर्वाचित अद्यक्ष अजय राय ने कहा था कि प्रियंका गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट वाराणसी से चुनाव लड़ें। इसी बात को लेकर अमेठी में एक कांग्रेस कार्यकर्ता अजय विक्रम सिंह उर्फ सोनू सिंह अमेठी कांग्रेस कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गया है। कांग्रेस कार्यकर्ता का कहना है कि अमेठी गांधी परिवार की परंपरागत सीट है और अभी हाल ही में पता चला कि प्रियंका गांधी वाराणसी से चुनाव लड़ने जा रही हैं लेकिन उन्हें अमेठी से चुनाव लड़ना चाहिए। जब तक प्रियंका गांधी द्वारा अमेठी से चुनाव लड़ने का आस्वाशन नही दिया जाता तब तक वो अनिश्चित कालीन धरने पर बैठा रहेगा। धरने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता में एसडीएम को भी पत्र दिया है।

# अम्बेडकरनगर में रोडवेज कर्मचारी सयुंक्त मोर्चा ने दिया धरना

**संगठन ने दिया एक दिवसीय धरना, कहा सरकार मांगे नहीं मान रही**

अमन लेखनी समाचार



अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में रोडवेज कर्मचारी सयुंक्त मोर्चा परिषद ने कर्मचारियों के विभिन्न मांगों को लेकर अकबरपुर रोडवेज परिसर पर एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान संगठन ने मांग किया कि उनका महंगाई भत्ता और अन्य तरह की मांग मानी जाए। रोडवेज सयुंक्त मोर्चा के महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्रा ने कहाकि निगम निदेशक मण्डल से अनुमोदित इम्पावर्ड कमेटी से स्वीकृत 10 प्रतिशत महंगाई भत्ता भुगतान किया जाए और शेष महंगाई भत्ते की किश्तों की स्वीकृति का प्रस्ताव निगम निदेशक मण्डल की बैठक में प्रस्तुत कर देय दिनांक से भुगतान कराया जाए। इसके अतिरिक्त देय तिथि से भिन्न तिथियों से स्वीकृति महंगाई भत्ते की किश्तों को देय तिथि से स्वीकृत कर एरियर भुगतान किया जाए। संविदा चालकों-परिचालकों के पारिश्रमिक में बाजार महंगाई के दृष्टिगत समुचित बढ़ोत्तरी की जाए। इसके अलावा शासनादेश दिनांक 24 फरवरी 2016 का अनुपालन कर 31 दिसम्बर 2001 तक नियुक्त संविदा चालकों, परिचालको दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति प्रदान की जाए और शेष संविदा चालक-परिचालकों के चरणबद्ध नियमितीकरण की योजना निरूपित की जाए। संगठन ने मांग किया कि कथित प्रोत्साहन राशि की एक-तिहाई धनराशि की कटौती बन्द की जाए। संविदा चालको परिचालकों का दुर्घटना बीमा के स्थान पर जीवन बीमा टर्म पॉलिसी कराया जाए।

# जिपं अध्यक्ष और बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख हुए सम्मानित

- कलश यात्रा के जरिए देश-प्रदेश में जिले का नाम बढ़ाने पर हुआ सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह और बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह का प्रधान संघ बल्दीराय व ब्लॉक कर्मचारियों द्वारा आज सम्मान किया गया। दोनों का सम्मान इसलिए हुआ कि इनके द्वारा ब्लॉक क्षेत्र से जो कलश यात्रा निकाली गई उसे देश के पटल पर जिले को सम्मान मिला। बता दें कि बल्दीराय ब्लॉक पर आज आयोजित हुए कार्यक्रम में बीते दिनों मेरी माटी, मेरा देश अभियान अंतर्गत कलश यात्रा को जनपद से लेकर प्रदेश व राजधानी दिल्ली तक वीर शहीदों के घर से गांव तक कि मिट्टी को संग्रहित कर पहुंचाने व जिला सुल्तानपुर की सीएम योगी व प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सराहना सहित दिल्ली में अव्वल स्थान दिलाने के उपलक्ष्य में बल्दीराय अध्यक्ष जिला पंचायत ऊषा सिंह व ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह का प्रधान संघ ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सत्य नारायण सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष बलराम यादव, प्रधान प्रतिनिधि रोहित कुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि बजरंग सिंह, प्रधान प्रतिनिधि राजू सोनी, प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद असलम खान, प्रधान रामजी श्रीवास्तव, प्रधान हजारीलाल साहू, प्रधान अकील अहमद, प्रधान करिया यादव, प्रधान प्रतिनिधि शिव सिंह, प्रधान प्रतिनिधि बिजेंद्र तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# गोसाईगंज पुलिस ने गो-तस्कर को किया गिरफ्तार

**गोकशी के लिए ले जाई जा रही गाय व बछड़ा बरामद, एक फरार आरोपी की तलाश**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में गोसाईगंज पुलिस ने एक गो-तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वो गोकशी के लिए पिकअप पर लादकर गोवंश को ले जा रहा था। वहीं, मौके से एक आरोपी भाग निकला है। पिकअप पर एक गाय व दो बछड़ा बरामद हुआ है। गोसाईंगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की क्षेत्र में गौकशी के लिए जानवर पिकअप में भरकर ले जाया जा रहा है। स्थानीय पुलिस ने महादेवपुर से मिश्रौली रोड पर लगभग 200 मीटर दूर पर नाकाबंदी करते हुए एक पिकअप चालक को एक गाय और दो बछड़ों के साथ दबोच लिया। आरोपी की पहचान राहुल हरिजन पुत्र वीरेंद्र कुमार निवासी ग्राम राजापुर खलवा थाना गोसाईगंज के रूप में हुई है। वहीं, मौके से कुन्नू उर्फ कप्तान पुत्र गफ्फार उर्फ तुक्की निवासी ग्राम मगनगंज थाना गोसाईगंज भाग निकला, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम व जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बल्दीराय में उर्स के समापन पर हुई जवाबी कव्वाली

- कव्वाल बोले-ऐसा हिन्दुस्तान बना दे या अल्लाह, सैय्यद शहीद मर्द बाबा की दरगाह पर हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर के बल्दीराय तहसील क्षेत्र के महमूदपुर गांव स्थित सैय्यद शहीद मर्द बाबा की दरगाह में दो दिवसीय सालाना उर्स-ए पाक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। उर्स का आयोजन चांद बाबू व अहमद रजा कमेटी द्वारा किया गया। उर्स के आखिरी दिन सोमवार रात जवाबी कव्वाली में कव्वाल ताहिर चिश्ती बरेली और कव्वाल शीबा परवीन कानपुर का मुकाबला हुआ। कव्वाली के दौरान कव्वाल ताहिर चिश्ती ने शेर पढ़ा इश्के नबी ईमान बना दे या अल्लाह, सीने में कुरआन बसा दे या अल्लाह, हिन्दू मुस्लिम साथ रहें सब मिलजुल कर ऐसा हिन्दुस्तान बना दे या अल्लाह। इसके अलावा वली अल्लाह व बुजुर्गों की दुआओं को अहम बताकर कव्वाली के माध्यम से प्रस्तुत किया। रात भर लोगों ने जवाबी कव्वाली का लुफ्त उठाया। शांतिपूर्ण ढंग से उर्स सम्पन्न होने पर आयोजक चांद बाबू, अहमद रजा और आयोजक मंडल ने सहयोगियों का आभार जताया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि रंजीत यादव, प्रधान प्रतिनिधि गुलाम हैदर उर्फ बब्बू, मिस्त्री राम लाल वर्मा, असगर रजा, फूलबाबू, सैफ अली, मोहम्मद मेराज, पूर्व प्रधान शहंशाह, सोहेल अहमद, सोनू, मुसीर अहमद आदि मौजूद रहे।

# संक्षेप

## दिपावली में बिना बिजली के जलेंगे दिये व झालर

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गोरखपुर के बीटेक के पांच छात्र प्रशांत कुमार शर्मा, स्वाति साहनी, शुभम यादव, शुभम उपाध्याय, प्रणन पाण्डेय, विश्वराज सिंह, ने मिलकर इस दिवाली बिना बिजली के जलने वाले सोलर झालर, सोलर दिया व चार्जेबल दिवाली झालर बनाया है आईटीएम गीडा के छात्रों द्वारा दिवाली मे प्रयोग किये जाने वाले प्रोडक्टस चाइनीज प्रोडक्टस को कड़ी टक्कर देने के लिये तैयार है छात्रों के द्वारा बनाये गये सोलर झालर और दिये से बिजली की 100% बचत के साथ- साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी ये झालर व दिये सुरक्षित है बाजार मे बिकने वाले मौजूदा दिवाली झालर लाईट 220 वोल्टेज से संचालित होते है इस लिये कई बार इससे लोगो को करंट के झटके भी लग जाते है लेकिन सोलर दिवाली झालर लाईट, एलईडी के झालर बैटरी से संचालित होते है दो घंटे की धूप मिलने पर भी ये 6 से 8 घंटे तक जल सकते है छात्र प्रशांत कुमार, ने बताया सोलर झालर व दियें मे डे नाईट सेंसर लगा है जिसकी मदद से सोलर झालर दियें धूप से चार्ज होते है और रात मे ऑटोमैटिक ऑन हो जाते हैं इसकी कीमत 10 मीटर 100 एलईडी की लगभग 200 से 300 रुपए हैं संस्थान के निदेशक डॉ0 एन.के. सिंह ने बताया हमारे छात्रों का प्रयास सराहनीय है सोलर झालर और दिये से बिजली की बचत के साथ ही वातावरण के भी बहुत लाभदायक होगो ये झालर 100% वाटर प्रूफ होने के साथ शॉक प्रूफ हैं इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, निदेशक फामेर्सी डॉ पी डी पाण्डा डॉ नरेंद्र सिंह डॉ आर एल श्रीवास्तव संकायाध्यक्ष डॉ आर पी सिंह, डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, कुलसचिव डॉ एस के पाण्डेय, उपकुलसचिव के एन प्रसाद, टीम मैनेजर ए के सिन्हा सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामना दिया।

## जालौन में बीडीओ के खिलाफ धरने पर बैठे ग्राम प्रधान

जालौन, जालौन में कोंच विकासखंड के खंड विकास अधिकारी के खिलाफ 64 गांव के प्रधान धरने पर बैठ गए। यह धरना भ्रष्टाचार और भुगतान न किए जाने को लेकर था। बड़ी देर तक ग्राम प्रधान वीडियो के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। इसकी जानकारी जैसे ही मुख्य विकास अधिकारी को हुई वह मौके पर पहुंचे। जिन्होंने ग्राम प्रधानों के साथ बैठकर पूरे मामले का हल निकाला और जल्द से जल्द भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर प्रधानों ने धरना समाप्त किया। मामला कोंच विकासखंड के अंतर्गत आने वाले 64 ग्राम पंचायत का है। यहां के ग्राम प्रधान बीडीओ के खिलाफ भ्रष्टाचार और भुगतान में देरी को लेकर धरना दे रहे थे। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि बीते 5 माह से उनके द्वारा किये गए कामों का भुगतान नहीं किया गया है।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध 850 दिनों से प्रचलित सत्याग्रह संकल्प के सत्याग्रहियों का बढ़ता कारवां

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के अंग का भ्रष्टाचार आभूषण बन चुका है, यही कारण है कि सीएम सिटी गोरखपुर के लोक निर्माण विभाग में कैग रिपोर्ट आधारित लगभग अरबों रुपए के कारित गंभीर वित्तीय अनियमितता व आर्थिक अपराध में संलिप्त भ्रष्ट अभियंताओं व शासकीय तंत्र में बैठे भ्रष्ट लोक सेवकों के विरुद्ध कार्रवाई करने में उत्तर प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से विफल है। जिसका जीता जागता उदाहरण है कि सीएम सिटी गोरखपुर में मानवाधिकार व भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्य करने की एकमात्र संगठन तीसरी आंख मानव अधिकार संगठन द्वारा विगत 850 दिनों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पद चिन्हों पर चलते हुए




अहिंसात्मक सत्याग्रह संकल्प करने पर प्रतिबध्द है। उत्तर प्रदेश सरकार ना तो सत्याग्रहियों को सत्याग्रह के मांगों को स्वीकार करते हुए समस्या का समाधान कर पा रही है और ना ही भ्रष्ट अभियंताओं के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने में सफल हो पा रही है। उपरोक्त कार्यशैली स्पष्ट रूप से प्रमाणित कर रही है कि भ्रष्ट अभियंताओं के कारित भ्रष्टाचार को उत्तर प्रदेश सरकार अंग आभूषण के रूप में धारण कर चुकी है। अब यक्ष प्रश्न बना हुआ है कि क्या सत्याग्रह संकल्प राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सफल अहिंसात्मक आंदोलनों के अनुरूप सफल होगा या भ्रष्टाचारियों के भ्रष्टाचार का व्यापार निरंतर प्रचलित रहेगा या अहिंसात्मक आंदोलनों का स्वरूप विलुप्त होगा बड़े खेद के साथ यह भी कहना पड़ रहा है कि सत्याग्रहियों द्वारा शासकीय प्रशासकीय उदासीनता के परिणाम स्वरूप विगत माह संगठन द्वारा प्रकरण न्यायालयों के संज्ञान में दिए जाने के उपरांत न्यायिक निर्णय की आस में वर्तमान समय तक सत्याग्रह संकल्प करने को विवश हैं। ऐसा लगता है कि शासकीय तंत्र में बैठे भ्रष्टाचारियों द्वारा संपूर्ण लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को दीमक का शिकार बना दिया गया है अन्यथा सीएम सिटी गोरखपुर में भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रचलित सत्याग्रह संकल्प का यह हश्र न होता।

# दहेज में एक लाख नकद और स्कूटी नही मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा पुलिस ने दहेज में एक लाख रुपए और स्कूटी न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकलने वाले पति, सास, ननद के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से महिमा पुत्री रमेश मिश्र निवासी सुरदही थाना सहजनवा की शादी 7 मई 2021 को मुकेश मिश्र निवासी महेवा कुंवर थाना हरैया जिला बस्ती के साथ हुई थी। परिजन जमीन बेच कर शादी में उपहार दिए थे। जिसमे करीब 10 लाख रुपया खर्च हुआ था। विदाई के बाद जब ससुराल पहुंची तो सास दहेज के लिए ताना मारने लगी। और एक लाख रुपया नगद और स्कूटी दहेज में न देने पर ससुराल के लोग प्रताड़ित करने लगे। इस दौरान गर्भवती हो गई। 22 फरवरी 2022 को एक निजी अस्पताल में आपरेशन से बच्ची पैदा हुई। जिसका खर्च गहने बेच कर अदा किया। 15 फरवरी 2022 को पति मारपीट कर घर से निकाल दिए। जिसमे सास, ननद भी शामिल थी। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई आदेश पर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पति मुकेश मिश्र, सास रविवती मिश्र, ननद सरोज मिश्र, ममता देवी, ववता मिश्र के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# विवाहिता का दहेज के लिए हत्या करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम सभा दरघाट निवासी एक विवाहिता को ससुराल के लोगो पर दहेज के लिया हत्या कर शव छुपाने का आरोप लगाते हुए विवाहिता की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी से खजनी थाना क्षेत्र ईंटैली निवासी सम्पाती देवी पत्नी रामप्रेम ने आरोप लगाया है कि लडकी सुनीता की शादी 15 वर्ष पूर्व दरघाट निवासी एक युवक से की थी। शादी के बाद ससुराल के लोग दहेज में बाइक और 50 हजार रुपए की मांग कर रहे थे। जिसके लिए मारपीट भी रहे थे। रक्षाबंधन के दौरान लडकी घर आई थी। अगले दिन ससुराल चली गई। जानकारी मिली की लडकी ससुराल में नहीं है। पता करने पर बात सही निकला। आशंका है की लडकी की हत्या हो सकती है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बाबत एसओ महेंद्र मिश्र ने कहा की मामला संज्ञान में है जांच कराई जा रही है।

# स्वर्णकार की हर संभव मदद करेगी पुलिस - एसएचओ



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां धन तेरस को देखते हुए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। और स्वर्णकार की हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। धन तेरस में स्वर्णकार के पास अधिक से अधिक गहने और धन होते है। जिसकी सुरक्षा करना पुलिस की जिम्मेदारी है। किसी भी स्वर्णकार को अपने गहने और रुपए की सुरक्षा के लिए पुलिस की आवश्कता होगी तो पुलिस उन्हे समय से उपलब्ध मिलेगी। यदि उन्हें सामान और रुपए के साथ घर ले जाने की आवश्कता होगी तो उसकी जानकारी समय से पुलिस को दे। पुलिस उन्हे घर तक पहुंचाएगी। उक्त बातें थानाध्यक्ष सहजनवा ईत्यानंद पांडेय ने थाना परिसर में स्वर्णकार के साथ बैठक के दौरान कही। इस दौरान आराध्या, अशोका, राजू, हरिओम, अंजली, हरी कृष्ण, अमित, दीपक शीत अनेक स्वर्णकार मौजूद थे।

# दो दिवसीय किशोर स्वास्थ्य अभिविन्यास कार्यशाला का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना सेंट एंड्रयूज कॉलेज गोरखपुर तथा सिफ्सा के संयुक्त तत्वाधान में संचालित यूथ फ्रेंडली सेंटर द्वारा दो दिवसीय किशोर स्वास्थ्य अभिविन्यास कार्यशाला का गुरूवार को समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो जेवियर मारिया राज ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को इस तरह की कार्यशाला से जुड़ना चाहिए। इस प्रकार की कार्यशाला से किशोर किशोरियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ जिलाजीत चैधरी ने कहा कि युवावस्था में शारीरिक मानसिक मनोवैज्ञानिक एवं व्यवहारिक परिवर्तन होते है। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में सिफ्सा के नोडल



प्रोजेक्ट अधिकारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ जेके पांडेय ने कहा कि किशोरावस्था में ज्यादातर किशोर किशोरियां अपने मित्रों से जानकारी प्राप्त करते हैं जो कि अक्सर अधूरी अपर्याप्त एवं भ्रांति पूर्ण होती है। तकनीकी सत्र में मुख्य ट्रेनर भूतपूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीता पॉटर तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ जेके पाण्डेय तथा डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने मातृत्व स्वास्थ्य बाल स्वास्थ्य प्रजनन अंगों के संक्रमण भोजन सरकार द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यों पर दी जाने वाली निःशुल्क सुविधाओं मानवाधिकारों तथा महिलाओं को प्रभावित करने वाले अपराधों व महिलाओं के कानूनी अधिकारों आदि के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात प्रतिभागियो से युवाओं के विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दो पर चर्चा भी करायी गयी। समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर पीयर एजुकेटर निखिल दूबे, अंकुर मिश्रा, आकाश, वारिसा सिद्धिकी, आदित्य कुमार, पाण्डेय नारायण द्विवेदी, प्रांजल गौतम, आदर्श कुमार सहित कुल साठ प्रतिभागियों की मौजूदगी रही।

# अवैध खनन में पकड़ी गई ट्रैक्टर ट्राली, जेसीबी सीज



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत नगवा में अवैध खनन करते हुए नायब तहसीलदार भानू प्रताप सिंह ने एक मिट्टी लदा ट्रैक्टर ट्राली, और एक जेसीबी को पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द कर सीज करने का आदेश दिया है। मिली जानकारी से बुधवार को तहसील प्रशासन को जानकारी मिली थी की तहसील क्षेत्र के नगवा में पास कुछ लोगो द्वारा अवैध खनन का कार्य किया जा रहा है। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार भानू प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे जिसे देखकर अवैध खनन करने वाले भाग निकले। मौके पर एक मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली और आ जेसीबी मिली। गाड़ी चालक से कागजात मांगा गया। जिसे दिखा न सके। इसके बाद ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी को लाकर सहजनवा थाने को सुपुर्द कर सीज करने का आदेश दिया।

# कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने शुभम हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। खजनी तहसील के सिकरीगंज थाना क्षेत्र में आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सिकरीगंज-खजनी मार्ग और बनकटी बुजुर्ग में शुभम- हॉस्पिटल का उद्घाटन निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने फीता काटकर किया। तथा ओपीडी की शुरूआत शहर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुशील चंद्र द्वारा तथा प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रेनू चंद्र के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संजय निषाद कैबिनेट मंत्री उन्होंने इस अवसर पर कहा ग्रामीण क्षेत्र में प्राइवेट हॉस्पिटल खुलने से क्षेत्र की ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योग्य व प्रशिक्षित डॉक्टरों के कारण बेहतर इलाज मिलेगा। जिसमें इलाज के अभाव में लोगों के साथ अप्रिय घटना नहीं घटेगी। हॉस्पिटल के मैनेजर डॉ जय हिंद मौर्य ने बताया इस हॉस्पिटल में



सभी प्रकार के ऑपरेशन डिग्रीधारी योग्य डॉक्टरों द्वारा किए जाएंगे। ओपीडी व इमरजेंसी सेवा 24 घंटे सुविधा मुहैया रहेगी। नवजात शिशुओ व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुविधा मिलेगी। समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्र में योग्य डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर आम जनमानस को स्वस्थ लाभ दिया जाएगा। जिसमें आम जनमानस में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े। सभी रोग का संपूर्ण इलाज होगा। भविष्य में गरीब मरीजों के लिए आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर डॉक्टर सुशील चन्द्रा, डॉक्टर रेनू चंद्रा, डॉक्टर शशांक श्रीवास्तव, डॉक्टर एसपी सिंह, डॉक्टर आर यस श्रीवास्तव, डॉक्टर गौरव जयसवाल, डॉक्टर राहुल गुप्ता, डॉ सुशील सिंह, डॉक्टर अमर सिंह, डॉक्टर प्रतिमा शर्मा, तारकेश्वर मिश्रा, चंचल शाही, अभिजीत शाही, राम प्रकाश तिवारी, बजरंगी सिंह, उमेश जायसवाल, राजेश सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# आदमपुर गांव में लगा जैविक किसान मेला

## नमामि गंगे परियोजना के तहत जागरूक हो रहे सैकड़ो किसान

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के तेलियानी विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत आदमपुर मजरे कुर्मिन का पुरवा में जैविक किसान मेला आयोजित किया गया नमामि गंगे परियोजना के तहत कृषि मेले की अगुवाई ईस एग्रीगेट संस्था द्वारा की गई किसान मेले में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में नोडल अधिकारी रंजीत चौरसिया एवं कुंवर सेन सिंह गंगवार द्वारा मेले का शुभारंभ फीता काटकर किया गया कार्यक्रम के आयोजक ईस एग्रीटेक संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर जितेंद्र सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने कृषि वैज्ञानिकों समेत मुख्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान शीतल सिंह एवं कुशल संचालन युवा विकास समिति के



जिला प्रवक्ता आलोक गौड द्वारा की गई मुख्य अतिथियों ने मेले में मौजूद लगभग दो सैकड़ा से अधिक किसानों को वर्मी कंपोस्ट बीजामृत जीवामृत घन जीवामृत निमास्त्र आदि के उपयोग के बारे में गहन जानकारी दी वही जनपद के प्रगतिशील किसान रमाकांत तिवारी ने किसानों को जागरुक करते हुए जीवामृत बनाने की विधि विस्तृत रूप से बताई मेले के दौरान किसानों को मोटे अनाज के विषय में गहन जानकारी देते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर शिवमंगल सिंह मास्टर ट्रेनर वीरेंद्र यादव आदि ने उपयोगिताओं के बारे में गहन चर्चा की इस मौके पर अनिल मिश्रा रामेंद्र पटेल ज्योति माला छेदी दीपू पटेल फूलचंद सिंह अरविंद कुमार समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय एवं ग्रामीण किसान मौजूद रहे

# खाद्यविभाग ने छापेमारी करते हुए प्रतिष्ठानों में भरे नमूने

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में धनतेरस व दीपावली को लेकर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी सी इंदुमती के आदेश के अनुसार दीपावली गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज के पर्व के अवसर पर जनपद फतेहपुर में अलग-अलग स्थानों पर टीम द्वारा छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है इस छापेमारी की कार्यवाही में 6 प्रतिष्ठानों के नमूने संग्रहित किए गए जिन्हें जांच लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिया गया हैं जहाँ खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा समस्त खाद्य कारोबारी को खाद्य पदार्थो को ढक कर रखना, दुकानों में साफ सफाई रखना, मिलावट रहित शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ बेचने



व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करने तथा बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार संचालित नहीं करने के लिए जागरूक किया गया इस टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित, महेंद्र कुमार यादव, अरविंद सिंह, रामबाबू, धीरज कुमार दीक्षित, पूजा गुप्ता आदि उपस्थित रहे

# कौड़ीराम के एस ट्रेडर्स पर जीएसटी गोरखपुर का छापा

**0अधिकारियों ने डेढ़ करोड़ की कर चोरी पकड़ी**

**27 लाख रुपया तत्काल कारोबारी ने किया जमा**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जीएसटी विभाग की एसआईबी टीम ने कौड़ीराम के एक आयरन के होलसेल कारोबारी के फर्म एस ट्रेडर्स नामक प्रतिष्ठान पर छापेमारी कर डेढ़ करोड़ के लगभग की कर चोरी पकड़ी है। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन विमल कुमार राय के निर्देश में विशेष अनुसंधान शाखा एसआईबी व सचल दल इकाई की टीम ने कौड़ीराम में छापेमारी कर लोहे के कारोबारी के प्रतिष्ठान की जांच की। जांच मे बड़े पैमाने पर कर चोरी पकड़ी गई। लगभग डेढ़ करोड़ के कर चोरी के सापेक्ष कारोबारी भरत गुप्ता ने तत्काल 27 लाख रुपए जमा कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले से ही मिले इनपुट के आधार पर डिप्टी कमिश्नर एसआईबी व सचल दल इकाई के नेतृत्व में तीन गाड़ियों से आई टीम ने बड़हलगंज रोड स्थित एस ट्रेडर्स नामक आयरन स्टोर पर बुधवार दोपहर में छापेमारी की। कागजों की जांच पड़ताल शाम साढे पांच बजे तक चली।

अधिकारियों ने कागजों की जांच पड़ताल में लगभग डेढ़ करोड़ की कर चोरी पकड़ी जिसके एवज में कारोबारी ने तत्काल 27 लाख रुपए जमा कर दिए। जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर श्रीपत तिवारी के नेतृत्व में सुनील कुमार वर्मा, प्रशांत चौधरी, विनीत कुमार एवं अन्य लोग विभाग से मिले इनपुट के आधार पर कौड़ीराम में छापेमारी के लिए आए थे।

# कांट्रेक्शन कंपनी के ठेकेदार को चोरों ने लगाया चार लाख का चूना

**बैंक के समीप खड़ी बाइक की डिग्गी तोड़ पार किए चार लाख रुपए**

अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के स्टेट बैंक के समीप से एक कांट्रेक्शन कंपनी के मालिक की बाइक की डिग्गी तोड़कर चोरों ने चार लाख रुपए को चपत लगाई मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चंदापुर मजरे गढा गांव निवासी ठेकेदार हरिशरण त्रिपाठी पुत्र चंद्रभूषण सीवी कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक है जो विगत दिवस बुधवार को नजदीकी शाखा स्टेट बैंक पहुंचे जहां अपने भतीजे तथा मुनीम के खाते में धनराशि ट्रांसफर करते हुए 4 लाख रुपए की अन्य निकासी की धनराशि लेकर शाखा से बाहर खड़ी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल की डिग्गी में रख अपने



एक मित्र की दुकान में चाय पीने चले गए इसी समय बाइक सवार अज्ञात दो चोरों ने आकर गाड़ी की डिग्गी का ताला तोड़ चार लाख फरार कर दिए लौटने पर डिग्गी का ताला टूटा मिला जिससे ठेकेदार हक्का-बक्का रह गया तत्काल स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई जहां संज्ञान में लेते हुए थाना अध्यक्ष समेत एडिशनल एसपी तथा क्षेत्राधिकारी खागा ने नजदीक लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए जांच प्रारंभ की प्रशासन ने मामले के खुलासे के लिए अनेक टीम बनाकर रवाना किया परंतु खबर लिखते समय तक 30 घंटे बाद भी घटना का खुलासा नहीं हो सका जानकारी लेने पर प्रशासन ने बताया की सीसीटीवी फुटेज पर दिख रही मोटरसाइकिल बिना नंबर की थी इसी कारण खुलासे में समय लग रहा है परंतु निश्चित रूप से जल्द ही चोरों तक प्रशासन के हाथ पहुंचने का प्रशासन ने आश्वासन दिया।

# आवास के मामले में आखिर क्यों बने अधिकारी धृतराष्ट्र ?

**गोधरौली में एक ही परिवार के पांच अपात्रों को पीएम आवास**

अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर। विकास खण्ड मलवां की ग्राम पंचायत गोधरौली में गत वित्तीय वर्ष में कुल स्वीकृत 26 प्रधानमंत्री आवास में एक ही परिवार में पांच लोगों को पात्रता के मानकों को दरकिनार करते हुए लाभान्वित किया गया है। बताया जाता है कि इन लाभार्थियों के पास पहले से ही पक्के और आलीशान मकान मौजूद हैं फिर भी इन्हें आवास उपलब्ध कराकर मलवां ब्लॉक ने यह साबित कर दिया है कि अधिकारी कुछ भी कर सकते हैं। स्वीकृत किए गए उपरोक्त आवासों में लगभग आधे आवास निर्धारित मानकों के विपरीत हैं या ऐसे भी कहा जा सकता है कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े उपरोक्त आवासों से पात्र लाभार्थियों को वंचित कर दिया गया है।

**पीएम आवास योजना में बड़ी धांधली**

निर्धन एवम निर्बल, आवासहीन, तथा झुग्गी झोपड़ियों में रहने वालों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत उन्हें हर हाल में मकान उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को सीधे सीधे आदेश जारी किए गए हैं जिनके आवंटन में पारदर्शिता एवम कुछ निर्धारित मानकों को ध्यान में रखने की बात कही गई है। पीएम आवास योजना की गाइडलाइन के अनुसार ऐसे लोगों को आवास उपलब्ध कराए जाने हैं जिनके पास कहीं भी कोई पक्का आवास नहीं है। परिवार में सिर्फ एक ही लाभार्थी को आवास दिया जा सकता है। यहां पर यह भी ध्यान देना जरूरी है कि आवास लेने वाला लाभार्थी इससे पहले कोई सरकारी अनुदान से लाभान्वित न हुआ हो। इन मानकों के आधार पर लाभार्थी से नोटरी शपथ पत्र भी लिया जाना जरूरी होता है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत गोधरौली में मानकों की धज्जियां उड़ाकर आवास रेवड़ी की तरह बांट दिए गए। यहां पर सभी आवंटित आवासों में कुछ न कुछ मानकों के साथ खिलवाड़ किया गया है। एक हो परिवार को पांच आवास, वो भी पक्के मकान वालों को दिए गए। यह अमान्य बात है कि इतनी बड़ी धांधली हो गई और किसी भी सत्यापन अधिकारी को यह दिखा नहीं। ग्राम पंचायत अधिकारी से लेकर खण्ड विकास अधिकारी तक इस धांधली में डूबे हुए हैं।

**कौनझ्रकौन हैं धांधली के जिम्मेदार**

ग्राम पंचायत से लेकर जनपद स्थित आवास प्रकोष्ठ के अधिकारी और कर्मचारी पीएम आवास आवंटन में संलिप्त होते हैं। और लाभार्थियों के चयन तीन मापदंडों पर मानक, ग्राम प्रधान का दबाव और पैसे की चमक पर आधारित होता है, मानक का हव्वा दिखाकर ही आवास के नाम पर उगाही की गई जिसका परिणाम ये रहा कि एक ही परिवार के पांच अपात्रों को आवास आवंटन कर दिया गया, और सत्यापन अधिकारियों को दिखाई नहीं पड़ा।

# रामपुर बरकोनिया पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा गुम हुई तीन लड़कियो को किया बरामद



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति व आपरेशन दृष्टि के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे दिनांक 07.11.2023 को सायंकाल 19.00 बजे एक महिला ने रामपुर बरकोनिया थाना पर प्रार्थना पत्र दिया कि मेरी लड़की एवं मेरे गांव की दो अन्य लड़किया जो गुम हो गयी है जिसके सम्बन्ध मे थाना रामपुर बरकोनिया पर गुमशुदगी दर्ज की गयी। उक्त घटना के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) एवं क्षेत्राधिकारी को सदर को विशेष निर्देश दिया गया जिसके परिपेक्ष में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए थाना पताही, जनपद पूर्वी चम्पारण बिहार से गुमशुदा उक्त तीनो लड़कियों को 24 घण्टे के भीतर बरामद कर उनके परिजनों को सुरक्षित सकुशल सुपुर्द किया गया जिससे परिवार अत्यंत हर्षित है पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक की गयी कार्यवाही व उपरोक्त लड़कियों की की गई बरामदगी से उनके परिजनो के चेहरे पर खुशी की लहर देखी गयी तथा उनके द्वारा पुलिस टीम को धन्यवाद दिया एवं पुलिस के इस त्वरित कार्यवाही की आम जनमानस द्वारा भी भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 02 निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल मिलेगा-जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि उज्ज्वला योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण में माह नवम्बर से दिसम्बर 2023, द्वितीय चरण में माह जनवरी, 2024 से मार्च 2024 तक लाभार्थियों को पूर्णतया निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल का वितरण संबंधित एल0पी0जी0 वितरको के माध्यम से सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होनें कहा कि जनपद में उज्ज्वला योजना के 241384 परिवारों को इस योजना के अन्तर्गत आच्छादित किया जाना है। इनमें से प्रथम चरण में आधार प्रमाणित लाभार्थियों को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल का वितरण किया जायेगा, जैसे-जैसे लाभार्थियों के आधार प्रमाणित होते जायेगे, उसी क्रम में उन्हें उक्त योजनान्तर्गत आच्छादित करते हुए निःशुल्क सिलेण्डर का वितरण किया जायेगा, इस योजना हेतु ऑयल कम्पनियों द्वारा अभियान चलाकर आधार प्रमाणन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराया जायेगा, उज्ज्वला योजनान्तर्गत सर्वप्रथम लाभार्थी अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 कि0ग्रा0 का सिलेण्डर रिफिल प्राप्त करेंगे, जिसके 03 से 04 दिन के उपरान्त योजनान्तर्गत दिये जाने वाली सब्सिडी उनके आधार प्रमाणित बैंक खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा आन्तरित किया जायेगा, लाभार्थियों को अन्तरित किये जाने वाली सब्सिडी की नियमित समीक्षा की जायेगी, इस सम्बन्ध में प्राप्त किसी भी प्रकार की शिकायत/समस्या का निराकरण तत्काल सुनिश्चित किया जायेगा सम्बन्धित एल0पी0जी0 वितरको के माध्यम से फ्लैक्सी बोर्ड आदि प्रचार माध्यमों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जायेगा, लाभार्थियों को उनका आधार प्रमाणन कराये जाने हेतु सम्बन्धित एल0पी0जी0 वितरक टेलीफोन, हॉकर्स, मोबाईल एस0एम0एस0 एस0मस0 के माध्यम से सूचना प्रेषित करेंगें, उन्होनें कहा कि यह योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है इससे सम्बन्धित अधिकारी इस योजना के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करेगें।

# धन्वतरी पतंजलि योग संस्थान की उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी कुमारी पूजा त्रिपाठी ने लाल बहादुर शास्त्री नेशनल संस्कृति यूनिवर्सिटी की खेल प्रतियोगिता में रही प्रथम - योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दिल्ली लाल बहादुर शास्त्री नेशनल संस्कृति यूनिवर्सिटी की खेल प्रतियोगिता में धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान की प्रदेश प्रभारी पूजा त्रिपाठी ने खेल की विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर संस्थान के साथ साथ अपने परिवार का नाम रोसन किया, पूजा ने कहा कि हम लड़कियां लड़को से कम नही है जैसे देश राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू जी ने पूरे देश मे भारत की राष्ट्रपति बनकर महिलाओं को सन्देश की महिलाएं कुछ भी कर सकती है। संस्थान के संस्थापक सदस्य अनामिका अग्निहोत्री ने कहा कि जो भी भाई बहन संस्थान के सदस्य है उनको हर सम्भव सहयोग और मदत संस्थान के संस्थापक योग गुरु आचार्य अजय पाठक जी एवम संस्थान की तरफ से मिलेगा। धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान की उत्तर प्रदेश की प्रभारी वर्णिका आर्य एवम संस्थान की राष्ट्रीय प्रवक्ता यशस्वी पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्र



निर्माण में जो भाई बहन अपना योगदान कर रहे है उनके लिए हमारी संस्थान हरसंभव मदत के लिए सदैव तत्पर है, क्योंकि संस्थान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जागरूक कर उनको उनकी दिशा के अनुरूप ही कार्य की प्रेरणा देना ही संस्थान का उद्देश्य है।

# पिपरी पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तगण गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। थाना पिपरी पर दिनांक 07/11/2023 को वादी मुकदमा महेश पुत्र रमेश डोम, निवासी लायन्स स्कूल के पास शिवा पार्क रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत मु0अ0सं0 146/2023 धारा 307, 504, 506 भादवि व 3(2)(श), 3(1)(द), 3(1)(ध) रउ/रळ अूः बनाम 1. भानू यादव उर्फ दीपू पुत्र धनपत यादव, निवासी झरना बस्ती रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र 2. प्रशान्त उर्फ पाटरुम उर्फ भोला पुत्र जय प्रकाश विश्वकर्मा, निवासी धोबिया टंकी रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र 3. एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत हुआ जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी पिपरी द्वारा की जा रही है। विवेचना से अज्ञात अभियुक्त का नाम अमन यादव पुत्र सुभाष यादव, निवासी ल्ल 939 हिण्डालको कालोनी रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 21 वर्ष प्रकाश में आया। उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय क्षेत्राधिकारी पिपरी को विशेष निर्देश दिये उक्त निर्देश के क्रम में थाना पिपरी पुलिस द्वारा दिनांक 08/11/2023 को मुखबिर की सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन के पास समय करीब 16.35 बजे मु0अ0सं0 146/2023 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रशान्त विश्वकर्मा उर्फ भोला उर्फ पाटरूम पुत्र जयप्रकाश विश्वकर्मा, हालपता वार्ड नं. 4 धोबिया टंकी झरना बस्ती रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, मूल निवासी- ग्राम लोकमनपुर बरहनी, थाना सैयदराजा, जिला चंदौली के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त चाकू की बरामदगी के आधार पर थाना पिपरी पर मु0अ0सं0 147/2023 धारा 4/25 अफटर अउळ बनाम प्रशान्त विश्वकर्मा उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत हुआ तथा मु0अ0सं0 146/2023 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 02 नफर अभियुक्तगण 1. अमन यादव पुत्र सुभाष यादव, निवासी मुरकी, थाना मुख्तीगंज, जनपद जौनपुर हाल पता ल्ल 939 हिण्डालको कालोनी रेनूकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष, 2. भानू प्रताप यादव उर्फ दीपू पुत्र धनपत यादव, निवासी शिवपुर सकरा, थाना ऑसाव, जनपद सिवान बिहार, हाल पता- धोविया टंकी रेलवे पुल के नीचे रेनूकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 19 वर्ष को को दिनांक 08/11/2023 को पिपरी पुलिस द्वारा मुर्धवा तिराहे के पास से समय करीब 22.40 बजे को पल्सर मोटर साईकिल के साथ समय 22.40 बजे गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# बालू का अवैध खनन इन दिनों जोरो पर बना चर्चा का विषय



अमन लेखनी समाचार

डाला सोनभद्र- अवैध बालू खनन को लेकर जहां वन विभाग मुस्तैद है वही चोरी छिपे अवैध खनन कर्ताओ का हौसला बुलंद है। दिन दहाड़े नदी के जगह - जगह क्षेत्रो में से बालु खनन चालू कर दिया गया। डाला वन रेंज के बॉडी व चुनियराटोला में इन दिनों बालू का अवैध खनन जोरो पर चालू है। खनन कर्ताओ के हौसले बुलन्द में वन विभाग की सक्रियता देखने को मिलती है। बीते रात्रि में चुनियरा में अवैध खनन की सूचना पर शिकायतों का दौर चलना सुरु हो गया। परन्तु जिम्मेदार कान में तेल डाल कर सो रहे है। जैसे इन्हें कुछ पता ही नही है। इस सम्बंध में पहले भी सूचनाओं पर वन विभाग के आला अधिकारी को जो क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गयी है। टाल मटोल करने से बाज नही आते। क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि जानकारी नही है। सूचना मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में समस्त थानो की शक्ति दीदी टीम द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' फेज-4 अभियान

**महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर ऑडियो/वीडियो/पंपलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु किया जागरुक**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दिनांकः09.11.2023 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित मिशन शक्ति चतुर्थ चरण व के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों को शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में भेज कर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, स्कूल/कॉलेजो एवं गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया।

# खाद्य टीम की छापेमार कार्यवाही से दुकानदारों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झाँसी। तहसील गरौठा के कस्बा गुरसराय में खाद्य विभाग की टीम द्वारा नगर की दुकानों पर छापा मारा गया। खाद्य टीम के आने की भनक लगते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया वही कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकाने बंद कर दी। कार्यवाही के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने पुराना बस स्टैंड के समीप खान बलकर मार्केट में बनी दूध डेरी मौके पर बंद पाई जिसे सील कर दिया गया। नगर के जो दुकानदार अपने आप को चोखा दुकानदार मानते थे खाद्य टीम की इस कार्यवाही के दौरान उनकी दुकानों में भी ताला लटका नजर आया। जिससे कयास लगाए जा रहे है की गुरसराय नगर के दुकानदारों द्वारा कहीं ना कहीं मिष्ठान सामग्रियों में मिलावट की जा रही है इसी बजह से खाद्य टीम द्वारा छापा मारने के उपरांत दुकानें बंद कर दी गई।

# ठेकेदार द्वारा मनमानी को लेकर जिम्मेदार अधिकारी ने की पुष्टि

अमन लेखनी समाचार



डाला सोनभद्र- नगर पंचायत के वार्ड एक मे निर्माण हो रहे नाली निर्माण से जनता छुब्ध। मानक के बिपरीत कार्य की शिकायत पर तकनीकी सहायक मौके पर आने से कतराए। नगरपंचायत -डाला बाजार स्थित वार्ड नम्बर 1 में नाली का निर्माण मानक के विपरीत देख स्थानीय युवकों ने काम को बंद करा दिया। ऐसे में मौके पर देखा गया कि नाली में पड़े नीचे की सोलिंग में मिट्टीदार बालू में मिक्स सीमेंट का प्रयोग कर खाना पूर्ति कर दी गयी है। देखा जाय तो जिन ठेकेदार से कार्य कराया जा रहा है उनके कोई भी कार्य गुणवत्ता पूर्ण नही है। लेकिन ठेकेदार व तकनीकी सहायक अरविंद कुमार की मिलीभगत से नगरपंचायत को खोखला कर रही है। जिन नाली में तकनीकी सहायक के अनुसार यु मॉडल सरिया 10 का लगाना है वही 8 का सरिया लगा कर नाली का निर्माण करा दिया जा रहा। इस सम्बंध में तकनीकी सहायक से गुणवत्ता पूर्ण कार्य के सम्बंध में पूछा गया तो बताया गया कि सरिया यदि 8 है तो गलत है। डाला में रहते हुए भी मौके पर बुलाने पर आने से इनकार कर दिए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ठेकेदार और जेई की साठ गाठ कैसी है। यह कोई नया मामला सामने नहीं आया है इस प्रकार का मामला चोपन नगर पंचायत में भी खूब सुर्खियां बटोर रहा है क्योंकि जबसे नगर पंचायत डाला और चोपन की ईओ देवहूति पाण्डेय को जिम्मेदारी सौंपी गयी है तबसे दोनों नगर पंचायत में भरस्टाचार अपनी चरम सीमा पर देखने को मिल रहा है और मिली भगत से ठेकेदारों की बल्ले बल्ले हो गई है

# रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 1 वारंटी को किया गया गिरफ्तार

विंध्य ज्योति

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मु0नं0 78/2018 रीना बनाम अनिल अन्तर्गत धारा 128 जा0फौ0 से सम्बन्धित अभियुक्त अनिल पुत्र रामप्रसाद, नि0 कैथी (कटाहिया) पोस्ट कैथी, थाना रा0गंज, जनपद सोनभद्र को दिनांक 08.11.2023 को समय 19.00 बजे बहदग्राम बिठगाँव, थाना रॉबर्ट्सगंज से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# गाजीपुर जिले के राजापुर गांव में मुख्यमंत्री से मिले पुरस्कार की धनराशि से बनवाई डिजिटल लाइब्रेरी

**जिसका आज एमएलसी विशाल सिंह चंचल के द्वारा किया उद्घाटन, प्रधान के कार्यो से खुश होकर दिए 11 लाख**

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर में भाजपा एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने राजापुर गांव के ग्राम पंचायत सचिवालय में पुस्तकालय एवं डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। ग्राम प्रधान अश्विनी राय को मुख्यमंत्री ग्राम प्रोत्साहन योजना के तहत लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुरस्कार और धन राशि मिली थी। इसी धनराशि से उन्होंने एक पुस्तकालय एवं डिजिटल लाइब्रेरी बनवाकर अपने गांव के नौजवानों को एक नई दिशा देने का काम किया। मुख्य अतिथि एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कहा कि ऐसी लाइब्रेरी? हर गांव के ग्राम प्रधान को अपने-अपने गांव विकास के नौजवान के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन कर राजपुर के प्रधान सोच को अपने गांव बना कर नौजवान का भविष्य को आगे बढ़ाया चाहिए। इसमें उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से सम्मानित गांव लोग ने कहा कि प्रधान के इस नए विचारों और तेजस्वी भावनाओं को उपर उठ कर अपने गांव नौजवान को नौकरी में अधिक संख्या में पहुंचे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनपद में की जाने वाली गतिविधियो के सम्बन्ध में विशेष सचिव भारत सरकार ने अधिकारियों को दी जानकारी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। भारत सरकार के विशेष सचिव गोविन्द जायसवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान की जाने वाली गतिविधियों के सम्बन्ध में बैठक की, बैठक के दौरान विशेष सचिव महोदय ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया जायेगा कार्यक्रम के शुभारम्भ का लाइव प्रसारण भी जनपद में किया जाये, इस संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जाकर केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया जाये और पात्र लाभार्थियो को केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाये उन्होनें कहा कि इस संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु हर ग्राम पंचायतों व नगर पंचायतों में नोडल अधिकारी नामित कर दिये जाये प्रमुख भिड़ भाड़ वाले स्थानों पर एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से गॉवों व नगरीय क्षेत्रों में लोगो को केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी जाये इस अभियान में राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, आई0सी0डी0एस0 विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एन0आर0एल0एम0, कृषि विभाग, मनरेगा के कर्मचारियों की ग्राम स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाये, ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक करते हुए लोगों को जागरूक किया जाये और सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध मे भी लाभार्थियों से जानकारी प्राप्त की जाये इस संकल्प यात्रा अभियान के दौरान ब्लॉक बभनी, चतरा, चोपन, दुद्धी, घोरावल, कोन, म्योरपुर, नगवा, रावर्टसगंज में विशेष गतिविधियां इन ब्लाको 107 ग्राम पंचायतों में संचालित की जायेगी इस संकल्प यात्रा के दौरान आयुष्मान भारत, पी0एम0 गरीब कल्याण अन्य योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, पी0एम0 उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पी0एम0 पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना के सम्बन्ध में लोगो को जानकारी दी जायेगी और पात्र व्यक्तियों को इस योजना से लाभान्वित भी किया जायेगा, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने जनपद में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी दी, बैठक में अपर जिलाधिकारी नामामि गंगे आशुतोष दूबे, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, डी0सी0 आर0एनएल0एम0 ऐ0के0 जौहरी सहित सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# महिला को प्रताड़ित करने के आरोप में तीन ससुरालजनों पर मुकदमा

बकेवर, फतेहपुर। थाना क्षेत्र के देवमई गांव में मायके में रह रही एक महिला और उसके भाइयों को उसके पति, देवर और भांजे ने मिलकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। देवमई गांव की वंदना पुत्री बंसलाल शुक्ला का विवाह पनकी कानपुर नगर में हुआ था, वंदना का आरोप है कि उसका पति उदय नारायण मिश्रा शराब का लती है, जिसने पिछले माह में नशे की अवस्था में मुझे और मेरे दोनों बच्चों के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया था। जिस कारण वह अपने मायके देवमई में रह रही थी, पिछले कुछ दिनों से कई बार पति उदय नारायण मिश्रा व देवर अमित मिश्रा और भांजा अमर पांडे मिलकर पीड़िता को डरा धमका रहे थे, कई बार मायके पहुंच कर उत्पाद भी मचाया। मायके में भाइयों को भी फोन पर गालियां देकर धमकी दी। थानाध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला के तहरीर के आधार पर तीन ससुरालजनों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कार्यवाही की जा रही है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# दिवाली सेलिब्रेशन में ना बरतें लापरवाही

दिवाली के अवसर पर लोग तरह-तरह के व्यंजन खाते हैं और आतिशबाजी जरूर करते हैं। ऐसे में जरा-सी लापरवाही से स्किन/आइज में चोट लग सकती है या हाजमा बिगड़ सकता है। इनसे बचने के लिए यहां बताई जा रही सावधानियां जरूर बरतें।



**प्रिकॉशन**

दिवाली यानी उल्लास, उमंग, चारों ओर रोशनी, आतिशबाजी और तरह-तरह के व्यंजनों, मिठाइयों का खाना खिलाना। खुशी और उत्साह के साथ-साथ इस दौरान अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**ऐसे करें स्किन केयर:** दिवाली की तैयारी के दौरान और जश्न के दिन स्किन केयर के बारे में पूछने पर श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-प्लास्टिक सर्जरी, **डॉ. शिशिर अग्रवाल** बताते हैं, 'इन दिनों लोग अपने घरों में साफ-सफाई शुरू कर देते हैं। लेकिन साफ सफाई और तैयारी के दौरान अकसर लोग अपनी स्किन केयर को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे उनके चेहरे का ग्लो चला जाता है। इसलिए साफ-सफाई के दौरान अपने चेहरे को ढंककर रखें और मॉयश्चराइजर का प्रयोग करें। दिवाली के दिन पटाखे जलाते समय अपनी स्किन का ख्याल रखें। ऊनी और सिल्क ड्रेस पहनने से बचें। सिर्फ कॉटन फैब्रिक से बनी ड्रेसेस ही पहनें। जिस भी जगह पर पटाखे जला रहे हैं, उस जगह एक-दो बाल्टी में पानी और फर्स्ट-एड किट जरूर रखें। पटाखे ध्यान से जलाएं और जलाने के तुरंत बाद वहां से दूर हट जाएं। आग से स्किन जलने पर जले हुए भाग पर लगातार 20-25 मिनट पानी डालें, जब तक जलना महसूस कम ना हो। फिर इस घाव पर तेल, घी, टूथपेस्ट, आटा या इंक लगाने से बचें। कोई भी एंटीसेप्टिक क्रीम लगाकर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।'






**ऐसे करें आइज प्रोटेक्शन:** कई बार दिवाली के दौरान आतिशबाजी करते समय चिंगारी या बारूद के कण आंखों में चले जाते हैं। इसलिए आंखों का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। ऐसी कोई दुर्घटना होने पर क्या करें? इस बारे में नई दिल्ली स्थित आई केयर सेंटर के डायरेक्टर और सीनियर आई सर्जन, **डॉ. संजीव गुप्ता** कहते हैं, 'पटाखों से सबसे ज्यादा नुकसान आंखों को होता है। इसलिए दीपावली पर पटाखे जलाते समय आंखों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। पटाखे को जलाने के लिए खुली जगह चुनें। पटाखों के धुएं और चिंगारी से बचने के लिए सुरक्षात्मक चश्मे पहनें। पटाखे को जलाने के बाद अपने हाथों से आंखों को ना मसलें, क्योंकि पटाखे में हानिकारक केमिकल्स होते हैं। पटाखे को जलाने के तुरंत बाद अपने हाथों को अच्छी तरह साफ करें। पटाखे को जलाते समय कम से कम 5 से 10 मीटर की दूरी जरूर बरतें। अगर पटाखे जलाते समय आंख में कुछ चला जाए तो पलकें रगड़ें नहीं। सबसे पहले पानी से आंखों को धोएं और तुरंत आई स्पेशलिस्ट से संपर्क करें।'

**बिगड़े ना डाइजेशन:** दिवाली के दौरान मिलावटी मिठाई-व्यंजन खाने या ओवर ईटिंग करने से लोगों की तबियत बिगड़ जाती है। इससे बचने के तरीकों के बारे में नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी **डॉक्टर शिवानी देसवाल** सलाह देती हैं, 'मिलावटी मिठाई और व्यंजनों से बचने के लिए ध्यान रखें कि अच्छी और प्रामाणिक दुकानों से ही मिठाइयां खरीदें। दिवाली को अच्छी तरह एंज्वॉय करने के लिए यह भी जरूरी है कि आप हैवी, स्पाइसी, ऑयली या स्वीट डिशेज के बजाय संतुलित आहार लें। हार्ड और कोल्ड ड्रिंक के बजाय नीबू पानी, छाछ, नारियल पानी का सेवन करें। ज्यादा खाने से बचें और थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल पर ही खाएं। इस दौरान अपनी बॉडी को डिटॉक्स रखना भी जरूरी होता है, जिससे शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकल सकें। इसके लिए दिन भर में कम से कम 8 से 10 गिलास पानी पिएं। अपनी डाइट में सलाद को शामिल करें, यह डाइजेशन में मदद करेगा।' *

प्रस्तुति : सेहत फीचर्स

पिछले कई दिनों से राजधानी दिल्ली समेत देश के कई शहरों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इससे श्वांस और फेफड़े संबंधी बीमारियों के अलावा भी कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसके कारण नवजात से लेकर वयस्क और बुजुर्गों को शारीरिक-मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहना जरूरी है।

# हेल्थ के लिए खतरनाक बढ़ता वायु प्रदूषण



**एलर्टनेस**

**शिखर चंद जैन**

बढ़ता वायु प्रदूषण और दमघोंटू वातावरण के कारण लगातार बढ़ती हुई श्वसन संबंधी बीमारियों और एलर्जी के मामले, इन दिनों अखबारों की सुर्खियां बनी हुई हैं। दिवाली के मौके पर पटाखे जलाने पर कंडीशन और बिगड़ सकती है। प्रदूषण से सिर्फ सांस से संबंधित बीमारियां ही नहीं होती हैं, इससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इनके बारे में जानना और सजग रहना सभी के लिए जरूरी है।

### कम होती है औसत आयु

प्रदूषण के कारण इंसानों की औसत आयु लगातार घट रही है। शिकागो यूनिवर्सिटी के एक रिसर्च इंस्टीट्यूट के ताजा अध्ययन में पता चला है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की वजह से लोग 11 साल 9 महीने कम जी रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 8 साल 8 महीने, हरियाणा में 8 साल 3 महीने, पंजाब में 6 साल 4 महीने, पश्चिम बंगाल में 5 साल 9 महीने, झारखंड में 5 साल 8 महीने, छत्तीसगढ़ में 5 साल 7 महीने, राजस्थान में 4 साल 9 महीने और महाराष्ट्र में लोगों की 3 साल 9 महीने तक औसत आयु कम हो गई है। चिंताजनक बात यह है कि हिमाचल प्रदेश जैसे स्वच्छ वातावरण के प्रदेश में भी लोगों की औसत आयु ढाई साल कम हो गई है।



### किडनी फेल्योर का रिस्क

अमेरिका की वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि वायु प्रदूषण से ना सिर्फ हार्ट डिजीज, श्वसन रोग, कैंसर, फेफड़े का संक्रमण, अस्थमा आदि रोगों का बल्कि क्रॉनिक किडनी डिजीज का खतरा भी बढ़ सकता है। इन शोधकर्ताओं ने 2004 से लगातार 8.5 वर्षों तक पचीस लाख लोगों पर निगरानी रखने के बाद यह नतीजा निकाला है। आंकड़ों की तुलना और वायु प्रदूषण बहुत इलाके के लोगों में किडनी डिजीज के बढ़े मामले पाए जाने के बाद वैज्ञानिकों ने वायु प्रदूषण को किडनी की कार्यप्रणाली के लिए नुकसानदायक माना है।

### स्ट्रोक का खतरा

दी लैंसेट न्यूरोलॉजी जर्नल में प्रकाशित, 188 देशों में किए गए, एक अध्ययन के मुताबिक दुनिया भर में स्ट्रोक के एक-तिहाई यानी लगभग एक करोड़ पचास लाख मामले एयर पॉल्यूशन की वजह से होते हैं। यह वायु प्रदूषण सिर्फ बाहरी नहीं बल्कि घरेलू भी हो सकता है। अमेरिका के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन द्वारा किए गए इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि स्ट्रोक के कम से कम 90 फीसदी कारकों को नियंत्रित करना संभव है।

### बौद्धिक क्षमता पर असर

अब वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि वायु प्रदूषण से श्वसन संबंधी समस्याएं के साथ बच्चों में आई क्यू लेवल कम होने और बौद्धिक क्षमता पर विपरीत असर भी पड़ता है। अगर महिलाएं गर्भधारण से पहले या गर्भधारण करने के एक महीने तक प्रदूषण वाले वातावरण में रहती हैं तो उनके बच्चों में क्लेफ्ट लिप और एब्नॉर्मल हार्ट का जोखिम रहता है। साथ ही बच्चे को मंदबुद्धि होने का भी खतरा रहता है। कुछ बच्चों में आईक्यू लेवल कम या कुछ बच्चों में मानसिक समस्याएं देखने में आती हैं।

### एंटीबायोटिक का असर कम

इंग्लैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ लीसेस्टर के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया है कि वायु प्रदूषण श्वसन नली के संक्रमण फैलाने वाले बैक्टीरिया की ताकत को बढ़ा देता है, जिससे एंटीबायोटिक का असर कम हो जाता है। जिन क्षेत्रों में वायु प्रदूषण का स्तर अधिक है, वहां एंटीबायोटिक कम असरकारक साबित होती हैं।

### दिमाग की क्षति

मेडिकल जर्नल 'एनल्स ऑफ न्यूरोलॉजी' में प्रकाशित एक अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि वायु प्रदूषण से बुजुर्गों के दिमाग में मौजूद व्हाइट मैटर की मात्रा घटती है। व्हाइट मैटर बुद्धिमानी के लिए महत्वपूर्ण होता है। प्रदूषित हवा में रहने वाले बुजुर्गों में व्हाइट मैटर की मात्रा घटने से, वे अपनी उम्र के दूसरे लोगों की तुलना में कम एक्टिव और कम इंटेलीजेंट हो सकते हैं।

### ऑटिज्म का रिस्क

'एनवॉयर्नमेंटल हेल्थ पर्सपेक्टिव' नामक अमेरिकी जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में लिखा है कि गर्भावस्था में माताएं अगर ज्यादा प्रदूषित वातावरण में रहती हैं तो उनकी संतान ऑटिज्म का शिकार हो सकती है। वैज्ञानिकों ने करीब एक लाख मांओं पर अध्ययन करने के बाद यह नतीजा पाया है कि प्रचुर मात्रा में पोलीसाइक्लिक ऐरोमैटिक हाइड्रोकार्बन नामक दूषित रासायनिक पदार्थ (जो वाहनों और बीड़ी-सिगरेट के धुएं में मिला होता है) श्वांस के जरिए ग्रहण करने वाली माताओं की संतानें ऑटिज्म से पीड़ित हुईं।

### ये भी हैं रिस्क

ताजा अमेरिकी रिसर्च में पता चला है कि जो महिलाएं प्रेग्नेंट होने के ठीक एक महीने पहले या बाद में प्रदूषित हवा में रही हैं, उनमें जन्मजात विकृति वाले बच्चों के जन्म का खतरा बढ़ जाता है। 'हाइपरटेंशन' नामक एक जर्नल में प्रकाशित शोध के मुताबिक गर्भवती महिला के लंबे समय तक वायु प्रदूषण में रहने से गर्भस्थ शिशु को बचपन में हाई ब्लड प्रेशर होने का रिस्क बढ़ जाता है।

अमेरिका के 9,360 शहरों के अपराध संबंधी आंकड़ों और वायु प्रदूषण के स्तर पर 9 साल तक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया है कि वायु प्रदूषण का बढ़ा हुआ स्तर लोगों को अनैतिक कामों के लिए भी उकसा सकता है। चाहे यह ठगी हो या अपराध। व्यवहार विज्ञानी जैकसन जी लू ने कहा कि इससे पहले किए गए अध्ययनों में बढ़े हुए प्रदूषण स्तर से एंग्जायटी की बात सामने आई थी, हमारे अध्ययन में इससे अनैतिक व्यवहार और अपराध में बढ़ोत्तरी भी पाई गई। *

### ऐसे करें वायु प्रदूषण से बचाव

**वायु प्रदूषण** के दुष्प्रभावों और इससे बचने के उपायों के बारे में कैलाश हॉस्पिटल, नोएडा में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन और फिजिशियन, **डॉ. ए.के. शुक्ला** कहते हैं, 'इन दिनों जो भयानक वायु प्रदूषण हम कई शहरों में देख रहे हैं, इसके लिए एग्रीकल्चर वेस्ट जलाना, निर्माण कार्य से पैदा होने वाली धूल, ऑटो वाहन और इंडस्ट्रीज से निकलने वाला धुआं जिम्मेदार है। इनमें धूल कणों के अलावा नाइट्रिक ऑक्साइड, सल्फर डाई ऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड गैसों के साथ वोलेटाइल ऑर्गेनिक कंपाउंड्स और लेड, कैडमियम के सूक्ष्म कण भी होते हैं। ये पॉल्यूटेंट्स, लंग्स में फंस जाते हैं, इससे सांस संबंधी गंभीर प्रॉब्लम्स हो सकती हैं, इनसे आंखों की कॉर्निया को नुकसान हो सकता है। अस्थमा पेशेंट्स के लिए तो ये बहुत ही खतरनाक हो सकता है। इनके अलावा सिर दर्द, बदन दर्द, हाई बीपी हो सकता है। एयर पॉल्यूशन की वजह से टीबी और लंग कैंसर के केसेस भी बढ़ने लगे हैं। इस पॉल्यूशन से बचने के लिए बच्चे, बुजुर्ग और बीमार ही नहीं स्वस्थ लोग भी सावधानी बरतें। अगर वॉक करने बाहर जाते हैं तो सूरज निकलने के बाद ही जाएं। शाम को घर से बाहर जाना अवॉयड करें। घर से बाहर निकलते समय एन 95 मास्क जरूर पहनें। धुएं वाले और भारी ट्रैफिक वाले स्थानों पर जाने से बचें। ग्रीन वेजिटेबल्स और फ्रूट्स का रेग्युलर सेवन करें। सिट्रस फ्रूट्स का सेवन और वाटर इनटेक बढ़ा दें।' *

प्रस्तुति : सेहत डेस्क




**डॉक्टर्स सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह**
**सीनियर फिजिशियन, एनसीआर**

# जब बदलते मौसम में त्वचा हो जाए रफ



**मेरी उम्र 37 वर्ष है। सर्दी का मौसम शुरू होने पर मेरी त्वचा रूखी-बेजान हो जाती है। त्वचा को मुलायम रखने के लिए मैं क्या करूं?**

**-मधुरेश, रायपुर**

सर्दियों के मौसम में यह समस्या कई लोगों को हो जाती है। इसके लिए आप नहाने के तुरंत बाद पूरे शरीर पर नारियल का तेल लगाएं। कोशिश करें कि त्वचा सूखने से पहले नारियल तेल लगा लें। इससे आपकी स्किन बेरंग और रूखी नहीं होगी। आप नारियल तेल लगाना नहीं चाहते तो मॉयश्चराइजर भी लगा सकते हैं।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। पिछले कुछ सालों से महीने-डेढ़ महीने में मेरी नाभ उतर जाती है, जिससे पेट में मरोड़ उठती है, लूज मोशन आते हैं। कृपया मेरी समस्या का समाधान बताएं?**

**-महिपाल, झज्जर**

कुछ लोगों को इस तरह की समस्या होती है। आप कोशिश करें कि अधिक भारी वजन ना उठाएं, झटके से कोई काम ना करें। दर्द या मरोड़ होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 49 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मुझे अकसर सिर दर्द होता है। अंगुलियां फूलने लगती हैं। ऐसे क्यों होता है? कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-किशन, बिलासपुर**

आपकी समस्या से लगता है कि आपको सर्दी का असर जल्दी और ज्यादा होता है। आपको सर्दी से बचना चाहिए। घर से बाहर निकलने पर आपको कैप लगाना चाहिए। आपकी अंगुलियां फूलने लगती हैं तो, कोशिश करें कि पानी में कम से कम रहें और अंगुलियां गीली होने के बाद तुरंत पोंछकर सुखा लें।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। हाल में मेरा पाइल्स का ऑप्रेशन हुआ था। उसके बाद से मेरी कमर और पैर के जोड़ों में काफी दर्द होता है। कृपया बताएं, मैं क्या करूं?**

**-अमरीश, जबलपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका ऑपरेशन हुआ, लेकिन ऑपरेशन से कमर और जोड़ों के दर्द का कोई संबंध नहीं है। आप एक बार कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवाएं। मौजूदा समय में ज्यादातर लोगों में इन दोनों की कमी से कमर और पैर के जोड़ों में दर्द होता है।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मैं जब भी संतरे, मौसंबी जैसे खट्टे फल खाता हूं तो मितली आने लगती है। ऐसे क्यों होता है, विटामिन सी के लिए मुझे क्या खाना चाहिए?**

**-ओमवीर, जगदलपुर**

कुछ लोगों को किसी खास चीज से एलर्जी होती है। आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको मौसंबी और संतरे से एलर्जी है। आपको संतरे, मौसंबी जैसे खट्टे फल के विकल्प (जैसे आंवला, नीबू, अमरूद) का सेवन करें। क्योंकि विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में रहना जरूरी है, इससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहती है। *

प्रस्तुति : रिचा पांडे

# म्यूजिक फील्ड में कॅरियर के शानदार मौके, कमाई और शोहरत चूमेगी आपके कदम

अगर आपको भी म्यूजिक पसंद है और आपके गले की पुकार आपके साथ है, तो बता दें कि म्यूजिक का चमचमाता फील्ड आपके लिए ही बना है। लेकिन इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए आपके अंदर म्यूजिक के प्रति जुनून, जोश और दीवानगी का होना बहुत ज्यादा जरूरी है। अगर आप में यह सारी खूबियां हैं, तो आप इस फील्ड में बेहद शानदार कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको म्यूजिक क्षेत्र में कॅरियर की विभिन्न संभावनाओं के बारे में बताने जा रहे हैं।

जरूरी हैं ये स्किल्स

अगर आप म्यूजिक के फील्ड में अच्छा कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो आपके अंदर कुछ गुणों का होना बहुत जरूरी है। सबसे ज्यादा अहम है कि आपको संगीत और सुरों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। क्योंकि अगर आपके अंदर यह खूबियां हैं, तभी आप म्यूजिक इंडस्ट्री में अपना कॅरियर बनाने की सोच सकते हैं।

कॅरियर स्कोप : म्यूजिक फील्ड में कोर्स करने के बाद आप फिल्म इंडस्ट्री, टेलीविजन इंडस्ट्री, रेडियो, एफएम चैनल्स, एजुकेशन फील्ड, रिएलिटी शोज, विज्ञापन इंडस्ट्री, इवेंट इंडस्ट्री, प्रोडक्शन हाउस, साउंड इंडस्ट्री, सांस्कृतिक विभागों और म्यूजिक सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री में अच्छी जॉब पा सकते हैं। इन सभी इंडस्ट्री में शुरूआती तौर पर आपको 20 से 30 हजार रुपए महीने की इनकम होगी।

कोर्स : आपको बता दें कि वर्तमान समय में म्यूजिक फील्ड में सर्टिफिकेट से लेकर डिग्री कोर्स तक कई तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। अगर आप सर्टिफिकेट कोर्स करना चाहते हैं तो आप बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स, सर्टिफिकेट इन म्यूजिक, बैचलर ऑफ म्यूजिक जैसे कोर्स कर सकते हैं। सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि 6 महीने की होती है। इसके अलावा इस फील्ड में डिप्लोमा कोर्स 6 महीने की अवधि का तो वहीं डिग्री कोर्स 3 साल की अवधि का होता है। इन कोर्सेज को करने के बाद आप म्यूजिक इंडस्ट्री में 15-20 हजार रुपए महीने की सैलरी से अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

**डाइट एडवाइस**

**डॉ. शालिनी सिंघल**
**सीनियर डाइटीशियन, दिल्ली**

# त्योहारी उमंग के साथ खान-पान का रखें ध्यान

दीपावली के मौके पर मिठाइयों और ड्राय फ्रूट्स की डिमांड बहुत बढ़ जाती है। इस वजह से नकली, मिलावटी, एक्सपायरी डेट या लो क्वालिटी की चीजें भी बाजार में मिलने लगती हैं। मिठाइयों को लंबे समय तक खराब होने से बचाने के लिए कई बार उनमें हार्मफुल केमिकल्स मिला दिया जाता है। सिंथेटिक दूध या नकली मावा से मिठाई बनाना, नकली वर्क लगाना, सिंथेटिक कलर या एसेंस का प्रयोग करना, मिलावटी या पुराने ड्राई फ्रूट्स का इस्तेमाल हेल्थ के लिए नुकसानदेह है। इससे पेट में इंफेक्शन, दस्त, अपच, एसिडिटी, डायरिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इम्यूनिटी कम हो सकती है, शुगर लेवल बढ़ सकता है, हार्ट प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इनसे बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

**सावधानी से खरीदें मिठाई :** खोया असली होने पर उसे हाथों पर रगड़ने से इसमें से घी की महक आएगी और खुशबू देर तक रहेगी।



- सिंथेटिक दूध से बनी मिठाई में से अजीब सी सुगंध आती है और ऐसा दूध हल्के पीले रंग का होता है।
- मिठाई किसी प्रतिष्ठित और बड़ी दुकान से ही खरीदें या फिर अच्छे ब्रांड की पैक्ड मिठाइयां ही लें।
- मिठाई खरीदने से पहले संभव हो तो उसे चखकर भी आप उसके बासी होने या फिर गुणवत्ता का अंदाजा लगा सकते हैं। खासकर दूध वाली मिठाइयां टेस्ट करके देख सकते हैं कि वो खट्टी तो नहीं हैं।
- मिठाई में मिलावट होने पर उसको हाथ में लेने पर रंग हाथ पर लग सकता है।
- वर्क लगी मिठाई ना खरीदें और चाशनी वाली मिठाई ना खाएं।
- दूध से बनी मिठाइयों के बजाय लड्डू, पिन्नियां, बालूशाही जैसी सूखी मिठाइयों को वरीयता दें।

**इन्हें भी आजमाएं :** अच्छा होगा कि आप घर पर ही मिठाई बनाएं। ये मिठाइयां यकीनन सबको पसंद आएंगी और इन्हें आप कई दिन तक पैक करके रख भी सकते हैं।

- खोये की जगह नारियल की मिठाई बनाएं, ये कम कैलोरी वाली होती हैं और सुपाच्य होती हैं।
- अगर आप दूध से बनी मिठाइयां बनाना चाहते हैं तो कोशिश करें खोया और पनीर भी खुद घर पर ही बनाएं। इससे ना तो आपको सिंथेटिक दूध का डर रहेगा और ना किसी तरह की मिलावट का।
- खीर या दूध वाले व्यंजन बनाते समय ध्यान रखें कि फुल क्रीम दूध के बजाय टोंड दूध का इस्तेमाल करें।
- चीनी के बजाय अंजीर, देसी खांड, मिश्री, कोकोनेट शुगर, डेट शुगर, मेपल सिरप जैसे नेचुरल पदार्थ का उपयोग करें।

**ड्राई फ्रूट्स लेते समय रहें एलर्ट :** हालांकि मिठाइयों या बेकरी उत्पादों की तुलना में ड्राई फ्रूट्स की शेल्फ लाइफ लंबी होती है, फिर भी इन्हें खराब होने से बचाने के लिए सल्फर डाइऑक्साइड का इस्तेमाल किया जाता है, जो एक रसायन है। ड्राई फ्रूट्स का प्रसंस्करण या भंडारण अगर उचित तरीके से ना किया जाए तो इनमें भी फफूंद विकसित हो सकते हैं। इनमें घुन लग सकता है। घुन खत्म करने के लिए इन्हें केमिकल से धो दिया जाता है और हाई टेंपरेचर पर रखे जाते हैं। उनमें चीनी या नमक काफी मात्रा में मिला दिया जाता है, जो उच्च रक्तचाप और हृदय संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। ऐसी मिलावटी ड्राई फ्रूट्स के सेवन से एलर्जी, इनडाइजेशन का खतरा बढ़ सकता है। *

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स कर कॅरियर को दें नई उड़ान, इस फील्ड में होगी लाखों की कमाई

कोरोना महामारी के बाद हेल्थ सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। साथ ही कॅरियर के तौर पर भी कई ऑप्शन सामने आए हैं। बता दें कि पहले नर्सिंग और एमबीबीएस कर मेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाया जा सकता था। लेकिन अब इस सेक्टर में मेडिकल की डिग्री के बिना भी आप अपना कॅरियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक कॅरियर ऑप्शन हॉस्पिटल मैनेजमेंट का है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के विस्तार के अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी काम बढ़ रहा है। आइए जानते हैं आप कैसे इस सेक्टर में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

जानिए क्या है हॉस्पिटल मैनेजमेंट

बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के क्षेत्र में आता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इसके अलावा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम इन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने का काम भी करती है।

अहम है यह फील्ड

हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत हॉस्पिटल में चलने वाली कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार ही आता है। किसी भी संचालन में कमी और अस्पताल में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत होगी।

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

कई संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बैचलर की डिग्री देते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है। इसके अलावा आप इसमें प्रोफेशनल कोर्स में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय में हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कोर्स में एमबीए वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं प्राइवेट संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी देते हैं।